पशुधन विभाग
उत्तर प्रदेश

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक

(परफॉरमेंस बजट)

आय–व्ययक

वर्ष 2018–19

अनुदान संख्या–15
कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन)

उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय–व्ययक सर्वप्रथम सदन में वर्ष 1974–75 में प्रस्तुत किया गया था। तब से अनवरत् रूप से इसे प्रस्तुत किया जाता है, ताकि विभागीय कार्यकलापों, पूर्व वर्षो की उपलब्धियों, वर्तमान लक्ष्यों एवं अगले वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों से सदन के माननीय सदस्यों को अवगत कराया जा सके। इससे वित्तीय परिव्ययों को भौतिक लक्ष्यों से सम्बद्ध करने का यथासम्भव प्रयास किया गया है।

आशा है यह कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय–व्ययक वर्ष 2018–19 में परिव्ययों के उपयोग पर उचित नियन्त्रण रखने में सहायक सिद्ध होगा तथा इससे योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण में समुचित सहायता मिलेगी।

लखनऊः
दिनाँक :

(डा0 सुधीर एम0 बोबड़े)
प्रमुख सचिव, पशुधन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

विषय सूची

विषय		पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	4—10
2.	योजनाओं के अन्तर्गत विभागीय परिव्यय	
3.	विभाग के अर्न्तगत उपलब्ध संस्थायें	
4.	ई—गवर्नेन्स के अन्तर्गत प्रमुख कार्यक्रम	
5.	वित्तीय आवश्यकतायें	
	(क) कार्यक्रम का वर्गीकरण	
	(ख) उद्देश्यवार वर्गीकरण	
	(ग) वित्तीय साधनों का स्रोत	
6.	वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण	
	(1) निदेशन तथा प्रशासन	
	(2) पशुचिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य	
	(3) रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन	
	(4) उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद्	
	(5) पशु तथा भैंस विकास	
	(6) कुक्कुट विकास	
	(7) भेड़ तथा ऊन विकास	
	(8) सूकर विकास एवं बकरी विकास	
	(9) अन्य पशुधन विकास	
	(10) चारा तथा चरागाह विकास	
	(11) प्रसार तथा प्रशिक्षण	
	(12) प्रशासनिक अन्वेषण तथा साँख्यिकी	
	(13) अन्य व्यय	
	(अ) गौशाला विकास	
	(ब) चर्म शोधन एवं पशु शव के उपयोग	
7.	विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभागीय प्राप्तियॉ	
8.	विगत तीन वर्षो में स्वीकृत पदों की सूची	

भूमिका

पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना वर्ष 1944 में की गयी थी। पशुधन के सर्वागीण विकास पशु चिकित्सा, रोग नियंत्रण, प्रजनन एवं चारा विकास आदि कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से आरम्भ किया गया। वर्तमान में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से विभागीय कार्यक्रमो को स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ कर कृषि के साथ–साथ पशुपालन वृहत्तर योगदान कर रहा है। पशुधन विकास के चार प्रमुख आयाम, उन्नत पशु प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण के क्षेत्र में समग्र प्रयास, पशुधन के चहुंमुखी विकास का प्रमुख आधार है। देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

<u>पशुपालन विभाग की सरंचना</u>

प्रदेश में प्रथम वार 2 निदेशक के पदों का सृजित है एवं दोनों निदेशक यथा निदेशक (प्रशासन एवं विकास) तथा निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) अपने-अपने पदों पर पदासीन है। दोनों निदेशकों को विभिन्न योजनाओं की संरचना, स्वीकृति एवं कार्य क्रियान्वयन में सहयोग हेतु चार अपर निदेशक (ग्रेड-1), एक - वित्त नियत्रंक एवं एक - संयुक्त निदेशक (प्रशासन) के पद भी सृजित हैं।

(1) मुख्य उद्देश्यः-

1. **प्रदेश में दूध, अण्डा, ऊन एवं मांस उत्पादन में वृद्धि कर प्रदेश को स्वावलम्बी बनाना।**
2. **समन्वित पशु स्वास्थ्य सुरक्षा एवं चिकित्सा कार्यक्रमों की क्षमता का उपयोग कर पशुओं को स्वस्थ रखना।**
3. **विभिन्न पशु महामारियों के नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु समग्र एव सघन प्रयास करना।**
4. **प्रदेश के लिए निर्धारित पशु प्रजनन नीति के अनुसार उन्नत प्रजनन एवं कार्यक्रम का संचालन करना।**
5. **विभिन्न लघु पशुओं (भेड़/बकरी/सूकर आदि) का विकास एवं लघु पशु उत्पादन क्षेत्र में स्वरोजगार का सृजन एवं गरीब ग्रामीणों का आर्थिक स्वावलम्बन सुनिश्चित करना ।**
6. **पशुधन हेतु पर्याप्त चारे एवं पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना ।**
7. **चयनित पैरावेटों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।**
8. **गौशालाओं का विकास करना, गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी/परिवहन को रोकने एवं गोवध निवारण अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सहयोग प्रदान करना।**
9. **पशु चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक विधियों का समावेश ।**
10. **पशुपालन विभाग के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करना।**
11. उद्यमिता **विकास से सम्बंधित योजनाओं को संचालित करना।**

(2) पशुपालन विभाग के प्रमुख कार्यक्रम

1. **पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें**
2. **गाय एवं भैंस विकास**
3. **कुक्कट विकास**
4. **भेड़-बकरी विकास**
5. **सूकर विकास**
6. **अन्य पशुधन विकास**
7. **चारा और चरागाह विकास**
8. **गौशाला एवं गो सदनों का विकास**
9. **गो सेवा आयोग का सुदृढ़ीकरण**
10. **पशुपालन प्रचार एवं प्रसार का कार्यक्रम**
11. **प्रशासनिक अन्वेषण एवं सांख्यकीय**
12. **बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष योजनाए**
13. **उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद का कार्यान्वयन**
14. **उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम के अन्तगत पशुपालन कार्यक्रम**
15. **वेटनरी काउन्सिल का कार्यान्वयन**
16. **20वी पशुगणना कार्यक्रम**
17. **राष्ट्रीय कृषि विकास योजनायें**

उपलब्धियाँ

- **प्रदेश में वर्ष 2016-17 में 275.53 (अनन्तिम) लाख मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2016-17 में 2288.95 (अनन्तिम) मिलियन अण्डे एवं 12.86 (अनन्तिम) लाख किलोग्राम ऊन का उत्पादन किया गया।**
- **प्रदेश मांस उत्पादन एवं निर्यात में भी प्रथम स्थान पर है।**
- **प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में प्रतिवर्ष 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में शत-प्रतिशत पशुओं को खुरपका-मुँहपका रोग का टीका लगाकर रोग मुक्त क्षेत्र की स्थापना के लिये प्रयास किया जा रहा है।**
- **प्रदेश में गोवंशीय एवं महिषवंशीय दुधारू पशुओं में बढ़ती हुई बाँझपन की समस्या के निराकरण हेतु विशेष योजना लागू कर 03.17 लाख पशुओं की वर्ष 2016-17 में बाँझपन चिकित्सा से आच्छादित कर पशुओं को प्रजनन के योग्य बनाकर दुग्ध उत्पादन में अतिरिक्त बढ़ोत्तरी प्राप्त की गयी है। वर्ष 2017-18 में लक्ष्य 12000 के सापेक्ष अध्यतन 7042 बाँझ पशुओं की चिकित्सा भी की गई है ।**
- **पशु एवं कुक्कुट आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक परिवेश की न्यूट्रीशन प्रयोगशाला, लखनऊ मुख्यालय पर स्थापित कर क्रियाशील है ।**
- **ग्रामीण नवयुवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ग्राम पंचायत स्तर पर पैरावेट्स का चयन करते हुए पशु प्रजनन क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया।**

- कामधेनु योजना (100 दुधारू गाय / भैंस), मिनी कामधेनु (50 दुधारू गाय / भैंस) एवं माइक्रो कामधेनु (25 दुधारू गाय/ भैंस) योजनान्तर्गत मार्च, 2017 तक लक्ष्य क्रमशः 300, 1500 एवं 2500 इकाईयों की स्थापना के सापेक्ष 286, 1443 एवं 2052 इकाईयाँ स्थापित हुई हैं। इस योजना से प्रदेश में 7.32 लाख लीटर अतिरिक्त दुग्ध का उत्पादन प्रतिदिन है। इसके अंतर्गत 14067 व्यक्तियों को रोजगार का सृजन हुआ है तथा इसके साथ-साथ रु० 1646.00 करोड़ का निवेश हुआ है। उच गुद्वत्ता गायों/भैसों से योजना के आरम्भ से अध्यतन कुल 632560 संतति प्राप्त हुई है योजनान्तर्गत पशुपाल कों 43.75 करोड ब्याज की प्रतिपूर्ति की गई है ।
- कुक्कुट विकास नीति 2013 के अंतर्गत माह 12/2017 तक 3000 पक्षी क्षमता के कामर्शियल लेयर फार्म की क्रमिक लक्ष्य 238 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 185 इकाईयां तथा 10000 पक्षी क्षमता की 516 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 130 इकाईयां क्रियाशील है, जिनसे प्रदेश में 60.28 लाख अण्डों का अतिरिक्त उत्पादन हो रहा है। इस कार्यक्रम को लागु किये जाने से प्रदेश में 22820 व्यक्तियो को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। योजनान्तार्गत प्रदेश में रू0 529.76 करोड़ का निवेश हुआ है।
- प्रदेश अंतर्गत बैकयार्ड कुक्कुट योजना में 15000 इकाईयों की स्थापना से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के कुक्कुट पालकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है ।
- जन समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पशुधन समस्या निवारण केन्द्र की स्थापना की गयी है, जिसका टोल फ्री नं0. 1800 180 5141 एवं लैंडलाइन नं० 0522-2741991 है।

(3) पशुधन का स्तरः

पशुगणना वर्ष 2007 (18वी पशुगणना) तथा 2012 (19वीं पशुगणना) के अनुसार प्रदेश में पशुधन संख्या (कुत्तों सहित) क्रमशः 693.69 लाख तथा 746.71 लाख रही, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शित हैः-

(संख्या लाख में) (तालिका - 1)

पशु प्रजाति का विवरण	पशुओं की संख्या वर्ष 2007	पशुओं की संख्या वर्ष 2012	वृद्धि/ह्रास का प्रतिशत
कुल पशुधन	693.69	746.71	7.64
कुल गोवंशीय	190.97	205.66	7.69
1 दूध दे रही	45.47	58.83	29.38
2 सूखी	14.04	23.72	68.95
कुल महिषवंशीय	264.40	306.25	15.83
1 दूध में	91.86	105.38	14.72
2 सूखी	25.75	34.12	32.50

कुल बकरी	148.29	155.86	5.10
कुल भेड़	14.00	13.54	(-) 3.29
कुल सूकर	19.87	13.34	(-) 32.86
अन्य पशुधन	2.13	2.60	22.64
कुत्ते	54.03	49.46	(-) 8.46
कुक्कुट	178.80	186.68	4.41

19वीं पशुगणना 2012 में कुल गोवंशीय पशुओं की संख्या में 10.09 लाख छुट्टा गोवंशीय सम्मिलित हैं।

(4) उत्पादकता एवं उत्पादनः

अ- उत्पादकताः-

वर्ष 2015-16 की सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में विभिन्न पशुजन्य पदार्थों का उत्पादन तथा प्रति पशु औसत उत्पादकता निम्नवत हैः-

(तालिका -2)

क्रमांक	पशुजन्य पदार्थ का नाम	पशु प्रजाति का नाम	इकाई	वर्षवार औसत उत्पादन प्रति पशु प्रतिदिन (भारित औसत)	
				2015-16	2016-17
1	दुग्ध उत्पादन	क- स्वदेसी गाय	किलोग्राम	2.938	2.956
		ख- विदेशी गाय	किलोग्राम	7.045	7.854
		गाय औसत सम्पूर्ण	किलोग्राम	3.785	3.824
		ग- भैंस	किलोग्राम	4.332	4.429
		घ- बकरी	किलोग्राम	0.763	0.761
		क1-स्वदेसी गाय	किलोग्राम	3.373	3.386
		क2-अवर्णित गाय	किलोग्राम	2.151	2.174
		ख1-विदेशी गाय	किलोग्राम	7.852	7.854
		ख2-क्रास ब्रीड गाय	किलोग्राम	6.955	7.014
		ग1-स्वदेसी भैंस	किलोग्राम	4.661	4.763
		ग2-अवर्णित भैंस	किलोग्राम	3.193	3.246
2	अण्डा उत्पादन	क-अवर्णित	संख्या	136.4	141.4
		ख-उन्नतिशील	संख्या	211.3	204.6
		ग-औसत सम्पूर्ण	संख्या	192.8	190.5
3	ऊन उत्पादन	भेड़	किलोग्राम	0.889	0.901

ब-उत्पादन स्तरः- प्रदेश में पशुजन्य उत्पादों का उत्पादन स्तर निम्नलिखित हैः-

(तालिका - 3)

कं0 सं0	पशुजन्य उत्पादों का नाम	इकाई का नाम	2006-07 का स्तर	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त की उपलब्धि	बारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य	वर्ष 15-16 का पूर्ति	वर्ष 16-17 का लक्ष्य	वर्ष 2016-17 की पूर्ति
1	दूध	लाख मी0टन	180.946	225.568	362.455	263.87	362.455	275.53
2	अण्डा	मिलियन	948.318	1607.613	1876.579	2192.85	1876.579	2288.95
3	ऊन	लाख कि.ग्रा.	14.608	14.202	26.233	12.64	26.233	12.86

(5) विभागीय आय-व्ययक स्तरः- (अनुदान संख्या-15 के अधीन)

विभागीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु योजनाओं के अन्तर्गत धन की व्यवस्था की गयी है। विभाग के अन्तर्गत निम्न योजनायें क्रियान्वित की जा रही हैः-

1. **निदेशन तथा प्रशासन**
2. **पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य**
3. **पशु तथा भैंस विकास**
4. **कुक्कुट विकास**
5. **भेड़ तथा ऊन विकास**
6. **अन्य पशुधन विकास**
7. **चारा तथा चारागाह विकास**
8. **प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय**
9. **पशु चिकित्सा शिविर एवं प्रचार-प्रसार**

वर्ष 2018-19 के अन्तर्गत निम्न धन का आय-व्ययक प्राविधान हुआ है जिसका विवरण निम्नवत है:-

(तालिका - 4)

क्रं0सं0	मद का नाम	(रू0 लाख में)
1	अधिष्ठान	85694.91
2	आकस्मिक	83110.22
	योग मतदेय	168805.13
	भारित	13.79

पशुपालन का वर्तमान स्तर:-

उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या एवं क्षेत्रफल वाला प्रदेश है। प्रदेश की आबादी 20 करोड़ से अधिक है जो राष्ट्रीय जनसंख्या का लगभग 16.16 प्रतिशत है। प्रदेश में अनुमानत 70 प्रतिशत लोग आज भी गाँव में निवास करते हैं एवं कृषि आधारित कार्य उनकी जीविकोपार्जन का साधन है। गाँवों में निवास कर रही जनसँख्या का 65 प्रतिशत छोटे, 7.8 प्रतिशत दो एकड़ से कम जोत वाले तथा 27.2 प्रतिशत दो से पांच एकड़ की जोत वाले कृषक है। अधिक जनसँख्या एवं कम जोत भूमि के कारण प्रदेश के बहुसंख्यक किसानों को कृषि के साथ-साथ अन्य सम्बंधित कार्य अपनी जरूरतों की पूर्ति हेतु करना पड़ता है। ऐसे ग्रामीण परिवारों के जीविकोपार्जन हेतु पशुपालन सर्वोत्तम विकल्प है, क्योंकि छोटी जोतों पर भी यह किसानों को नियमित एवं सुनिश्चित आय सुलभ कराता है। वस्तुतः इन्हीं लघु कृषकों / भूमिहीन कृषि श्रमिकों द्वारा प्रदेश में उपलब्ध पशुधन का लगभग 90 प्रतिशत पशुओं का पालन-पोषण किया जाता है।

प्रदेश, दुग्ध उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 339 ग्राम प्रतिदिन है। उपरोक्त तालिका- 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रति गाय अथवा प्रति भैंस औसत दैनिक उत्पादन क्रमशः 3.785 तथा 4.332 किलोग्राम है। इस प्रकार प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादन वृद्धि की असीम सम्भावनायें हैं।

प्रदेश, सकल अण्डा उत्पादन में देश में आठवें स्थान पर है। प्रदेश में उत्पादित कुल अण्डे का 35 प्रतिशत अण्डा निजी क्षेत्रों से तथा 65 प्रतिशत बैकयार्ड पोल्ट्री से प्राप्त होता है। प्रदेश में पक्षियों से प्रति पक्षी औसत वार्षिक अण्डा उत्पादन की संख्या 190.5 है। अण्डा/मांस के उत्पादन-खपतें के अन्तर को पूरा करने के लिए लगभग 45 लाख अण्डा और 0.30 लाख ब्रायलर पक्षियो का प्रतिदिन निकटस्थ प्रदेशों से आयात करना होता है। इस प्रकार कुक्कुट पालन व्यवसाय के निजी क्षेत्रों में विकास की पूर्ण संभावनायें है।

प्रक्रियात्मक रणनीति

समस्त विभागीय कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाये जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायें जाने हेतु बल दिया गया हैः -

- **पशुपालन के क्षेत्र में गुणात्मक एवं मात्रात्मक मानव संसाधन विकास हेतु पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।**
- **संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए सघन टीकाकरण का संचालन एवं पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।**
- **पशुओं में अनुवर्रता निवारण शिविरो का आयोजन करना।**
- **उन्नत पशु प्रजनन को 32.5 प्रतिशत (128.40 लाख) के स्तर से 66 प्रतिशत (176 लाख) तक वर्ष 2018-19 में बढ़ाना।**
- **कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के लिए बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों एवं कामर्शियल लेयर इकाईयों की स्थापना।**

- कुक्कुट उद्यमिता का विकास करना।
- सूकर एवं भेड़ए बकरी पालन को बढ़ावा देकर गरीब ग्रामीणों का आर्थिक उत्थान करना।
- पशुओं को उचित पोषण सुनिश्चित करने हेतु चारा एवं चारागाह विकास कार्यक्रम संचालित करना।
- स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।

वर्ष 2018-19 हेतु प्राथमिकतायें -

- दुधारू पशुओ की तस्करी रोकने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करना ।
- अवैध कत्लखानों को पूरी कठोरता से बन्द किये जाने हेतु नगर निगम विभाग से सहयोग प्रदान किया जायेगा ।
- फसलों की क्षति को रोकने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि आरक्षित कर पशु संरक्षण की योजना
- प्रदेश में भूमिहीन कृषि मजदूरों को गोधन योजना अन्तर्गत गाय व अन्य दुधारू पशु उपलब्ध कराने की योजना
- कृषिको की आय जो दुगुना किये जाने में पशुपालन की अहम् भूमिका के दृष्टिगत सहयोग प्रदान करना ।
- विभिन्न कार्यक्रमों, यथा पशु प्रजनन, पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार लाया जाना एवं पशुपालन सेवाओं का विस्तार करना।
- किसानों को अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप पशुपालन की योजनाएं तैयार करना तथा उनके क्रियान्वयन में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराना।
- उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-13 का विस्तारीकरण करना ।
- ब्रीडिंग एक्ट को लागु करना ।
- नयी प्रजनन निति 2017 को लागु करना ।
- चारा सुरक्षा निति को लागु करना ।

<u>विभागीय संस्थाएं</u>

तालिका -6

क्र0सं0	संस्था का नाम	वर्ष 2017-18 की वास्तविक स्थिति
1	पशु चिकित्सालय	2202
2	पशु सेवा केंद्र	2575
3	द श्रेणी पशु औषधालय	267
4	सचल पशु चिकित्सालय	25
5	पोलीक्लीनिक	06
6	केन्द्रीय प्रयोगशाला	01
7	मण्डलीय प्रयोगशाला	10

8	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	5043
9	तरल नत्रजन केन्द्र	02
10	अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र	03
11	सघन भेंड विकास परियोजना	01
12	मेढ़ा केंद्र	05
13	भेंड तथा ऊन प्रसार केंद्र	180
14	भेड़ प्रक्षेत्र	02
15	राजकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र	06
16	भदावरी भैस एवं जमुनापारी बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र	01
17	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र	10
18	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र	06
19	सूकर रोग निदान प्रयोगशाला	01
20	सूकर पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
21	बत्तख प्रक्षेत्र	01
22	बटेर प्रक्षेत्र	01
23	कुक्कुट काम्प्लेक्स	09
24	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला	01
25	सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक लैब	10
26	कुक्कुट पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
27	कुक्कुट प्रक्षेत्र	11
28	पुलोरम डिजीज कन्ट्रोल यूनिट	02
29	पशुशव उपयोग प्रशिक्षण केन्द्र, बक्शी का तालाब, लखनऊ	01
30	पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र	06
31	बोवाइन स्टर्लिटी एवं इन्फर्टिलिटी नियंत्रण प्रयोगशाला	09
32	थनैला रोग नियंत्रण प्रयोगशाला, मुख्यालय	01
33	टी०बी0, ब्रूसेल्ला एवं जोनाईन यूनिट, मुख्यालय	01

34	**आहार परीक्षण प्रयोगशाला, मुख्यालय**	01
35	**इपिडिमियोलाजी यूनिट, मुख्यालय**	01
36	**कैनाईन रैबीज कन्ट्रोल यूनिट**	10
37	**पशु जैविक औषधि संस्थान, लखनऊ**	01

ई–गवर्नेन्स के अन्तर्गत प्रमुख कार्यक्रम

पशुपालन विभाग अन्तर्गत विभाग में एक ई–गवर्नेन्स कक्ष कार्यरत है। पशुपालन विभाग की वेबसाइट **(http://animalhusb.up.nic.in)** कार्यरत है। जिसमें विभागीय क्रियाकलापों, कार्यक्रमों, संस्थाओं एवं विभिन्न प्रशिक्षण आदि की महत्वपूर्ण जानकारी इन्टरनेट पर प्रेषित की गई है। वेबसाइट समय–समय पर अधुनान्त (अपडेट) की जाती है। विभागीय वेबसाइट पर नागरिक अधिकार पत्र, सूचना का अधिकार अधिनियम उपलब्ध है। विभाग द्वारा किये जाने वाले समस्त टेण्डर, टेण्डर फार्म, दर सूचियां विभागीय बेवसाइट पर उपलब्ध करायी जाती हैं। विभाग के टेन्डर वेबसाइट से डाउनलोड कर भरे जा सकते हैं। बेवसाइड पर सभी पशुचिकित्साविदों के अधिष्ठान से सम्बन्धित विवरण एवं वरिष्ठता सूची उपलब्ध है। न्यायालयों के वादों के त्वरित निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुये वादों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है जिससे वादों का अनुश्रवण प्रभावी हो गया है। 19वीं पशुगणना के ऑकडे भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये है। साथ ही वित्तीय स्वीकृतियॉ, बजट एवं आवंटन तथा अन्य विभागीय शासनादेश भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये हैं।

वर्तमान में निदेशालय के प्रत्येक अनुभाग में कम्प्यूटर कार्यरत है। प्रदेश के 18 मण्डलीय कार्यालयों एवं जनपद मुख्यालयों पर भी कम्प्यूटर स्थापित एवं कार्यशील हैं। विभागीय सूचनाओं के त्वरित प्रेषण हेतु विभाग द्वारा अधिक से अधिक ई–मेल एवं बेवसाइट का प्रयोग किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं अन्य सभी प्रकार के देयकों का त्वरित एवं सुगमतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित करने हेतु ई–पेमेन्ट प्रणाली लागू की गई है। बजट आवंटन प्रकिया को भी पूर्ण रुप से कम्पयूटरीकृत किया गया है तथा बजट आवंटन का कार्य आनलाइन किया जा रहा है।

प्रदेश के पशुपालकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु मुख्यालय पर एक **पशुधन समस्या निवारण केन्द्र** की स्थापना की गई है, जो पशुपालकों के हित में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक सप्ताह के सातो दिन कार्यरत हैं। उक्त केन्द्र पूर्णतया आन लाइन एवं आधुनिक सूचना तकनीक पर क्रियाशील है। इसके माध्यम से पशुपालकों की पशुधन संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत जनपदीय एवं मण्डलीय अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा सूचना तकनीक का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है एवं इस हेतु उन्हें कम्प्यूटर संचालन, इन्टरनेट, ई–मेल आदि का प्रशिक्षण भी मुख्यालय पर दिया गया है।

भारत सरकार के पशुपालन एवं डेरी विभाग के सहयोग से पशु रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी के उद्देश्य से **नेशनल एनीमल डिजीज रिर्पोटिंग इन्फार्मेशन सिस्टम (एन0ए0डी0आर0एस0) आनलाइन** नेटवर्क प्रदेश में स्थापित किया गया है। जिससे ब्लाक स्तर के पशु चिकित्सालय पशुरोगों की निगरानी हेतु जनपदीय कार्यालयों से एवं मुख्यालय के एन0ए0डी0आर0एस0 सेल से जुड़ गये हैं एवं डिजीज रिपोर्टिंग का कार्य चल रहा है, जिससे निरन्तर पशुरोगों की निगरानी एवं नियंत्रण में प्रभावी एवं गुणात्मक सुधार आयेगा।

वित्तीय आवश्यकतायें

(तालिका–क)

क– कार्यक्रम का वर्गीकरण

(धनराशि लाख रू0 में)

कार्यक्रम	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	
001.निदेशन तथा प्रशासन	106.5	61083.67	61190.20	81472.38
101.पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशुस्वास्थ्य	21928.29	–	21928.29	25434.82
102.पशु तथा भैंस विकास	14962.58	215.10	15177.68	21851.96
103.कुक्कुट विकास	1611.02	–	1611.02	3621.60
104.भेड़ तथा ऊन विकास	25.00	–	25.00	14.66
106.अन्य पशुधन विकास	10.53	3593.98	3604.51	5547.34
107.चारा तथा चारागाह विकास	157.08	–	157.08	225.20
113.प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय	275.16	–	275.16	286.86
800.अन्य व्यय	669.24	3129.64	3798.88	5021.96
2013. मंत्रि परिषद	–	0.10	0.10	0.10
भारित	–	–	–	13.79
योग–मतदेय	**39745.43**	**68022.49**	**107767.92**	**143476.88**

कार्यक्रम	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
001.निदेशन तथा प्रशासन	82354.79	88139.06
101.पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य	25524.82	21121.60
102.पशु तथा भैंस विकास	22351.97	25007.26
103.कुक्कुट विकास	3819.00	2100.00
104.भेड़ तथा ऊन विकास	14.66	134.66
106.अन्य पशुधन विकास	5547.34	5553.62
107.चारा तथा चारागाह विकास	100.47	520.65
111.मांस संसाधन	–	–402.83
113.प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय	476.28	3423.83
800.अन्य व्यय	5021.96	22401.42
2013. मंत्रि परिषद्	0.10	0.20
भारित	13.79	13.79
योग–मतदेय	**145211.39**	**168805.13**

ख –उद्देश्यवार वर्गीकरण

(तालिका ख) (धनराशि लाख रू0 में)

कार्यक्रम	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	
1–वेतन	691.39	32610.11	33301	72822.36
2–सहायता अनुदान–सामान्य(वेतन)	40.22	2879.69	2919.87	3923.54
3–महगाई भत्ता	545.81	26412.63	26958.44	4368.94
4–यात्रा भत्ता	169.12	81.98	251.11	281.90
5–अन्य भत्ता	30.19	1373.92	1404.11	2000.52
6–पुनरीक्षित वेतन का अवशेष				4932.43
7–.प्रासांगिक :–	22398.90	4664.20	27063.10	
(क)सामान्य	.	.	.	41416.09
(ख)भारित	15869.80	.	15869.80	13.79
8–पूँजीगत परिव्यय	**39745.43**	**68022.49**	**107767.92**	13731.10
कुल योग				**143476.88**

कार्यक्रम	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
1–वेतन	72902.36	75673.78
2–सहायता अनुदान–सामान्य(वेतन)	3923.54	11946.00
3–महगाई भत्ता	4378.94	7559.05
4–यात्रा भत्ता	309.40	463.80
5–अन्य भत्ता	2000.82	2043.25
6–पुनरीक्षित वेतन का अवशेष	4932.43	4715.16
7–.प्रासांगिक :–		
(क)सामान्य	42989.95	50633.65
(ख)भारित	13.79	13.79
8–पूँजीगत परिव्यय	13773.95	15770.44
कुल योग	**145211.39**	**168805.13**

ग–वित्तीय साधनों का स्रोत

(तालिका ग) (लाख रू0 में)

अनुदान संख्या / लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	
15–.2013 मंत्रि परिषद	.	0.10	0.10	0.10
15–2403 पशुपालन	23875.63	68022.39	91898.02	129745.68
15–4403 पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय	15869.80	.	15869.80	13731.10
भारित				13.79
कुल योग				**143476.88**

अनुदान संख्या / लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
15–2013 मंत्रि परिषद	0.10	0.20
15–2403 पशुपालन	131437.34	153034.49
15–.4403 पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय	13773.95	15770.44
भारित	13.79	13.79
कुल योग	**145211.39**	**168805.13**

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

1–निदेशन तथा प्रशासन

वित्तीय माँग धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			**2017–18**
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	
निदेशन तथा प्रशासन				
मतदेय	106.53	61083.67	61190.20	81472.38
भारित	--	-	-	13.79
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान
	2017–18			**2018–19**
निदेशन तथा प्रशासन				
मतदेय	82354.79			88139.06
भारित	13.79			13.79

परिचयात्मकः–

मण्डलों में अपर निदेशक, ग्रेड–II तथा जनपदों में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का पद सृजित है। जनपदीय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के पशुपालन के क्रिया–कलापों के उचित प्रशासन तथा क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कार्यकलापों का निरीक्षण किया जाता है तथा निरीक्षण के समय पायी गयी विशेष बातों के सम्बन्ध में निदेशालय से सम्बन्धित अधिकारियों तथा मण्डलाधिकारियों को यथोचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है।

कार्यभार का सारांश, वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य

विभागीय कार्यकलापों का संचालन मण्डल स्तर पर अपर निदेशक, ग्रेड–II तथा जिला स्तर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा कार्यक्रमों का संचालन एवं प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जाता है।

2–पशु चिकित्सा सेवाएं एवं पशु स्वास्थ्य वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय माँग **धनराशि (रू0 लाख में)**

लेखाशीर्षक	**वास्तविक व्यय**			**आय–व्ययक अनुमान**
	2016–2017			2017–2018
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	
पशुचिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	21928.29	0.00	21928.29	14322.08
लेखाशीर्षक	**पुनरीक्षित आँकड़े**			**आय–व्ययक अनुमान**
	2017–2018			2018–2019
पशुचिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	25524.82			21121.60

1.पशुचिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें

परिचयात्मकः-

कृषि के साथ-साथ पशुपालन का कार्य ग्रामीण परिवेश में एक सामान्य प्रक्रिया है, परन्तु प्रति व्यक्ति कम कृषि जोत भूमि होने के कारण गावों में जीविकोपार्जन एवं आर्थिक उन्नति हेतु पशुपालन एक प्रमुख साधन है। विभिन्न पशुधन विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में **पशुचिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य** एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है । पशुओं को पूर्णतः स्वस्थ रखने एवं गुणवत्तायुक्त पशुजन्य उत्पादों की निरन्तर आवश्यकता अपरिहार्य हाने के कारण पशुचिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य का महत्व स्वतः बढ़ गया है।

उद्देश्यः-

1- प्रदेश के पशुओं को चिकित्सा सुविधा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध कराना ।
2- पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्य निष्पादित करना ।
3- अनियन्त्रित पशु प्रजनन को रोकने तथा कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दिये जाने हेतु अवर्णित व अनुपयोगी नर पशुओं का बधियाकरण करना ।
4- प्रदेश में स्थापित पशुचिकित्सा पाली क्लीनिक के माध्यम् से गुणवत्तायुक्त विशेषज्ञ पशुचिकित्सा सेवाओं को उपलब्ध कराना।
5- जनपद में स्थापित रोग निदान प्रयोगशालाओं के माध्यम् से पशुओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों के निदान हेतु रोगों की जॉच, पैथालोजी की सुविधा उपलब्ध कराना।
6- पशुओं से मानव में फैलने वाली रैबीज जैसी जानलेवा बीमारियों पर नियंत्रण करना।
7- प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों को भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर सर्वे का कार्य किया जाना।
8- ''रिण्डरपेस्ट'' जैसी घातक बीमारी का पुनः प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं बिलेज सर्च का कार्य करना।
9- पशुरोग नियंत्रण की योजना (60 प्रतिशत के0पो0) के अन्तर्गत राष्ट्रीय महत्ता के विभिन्न रोगों पर नियंत्रण किया जाना।
10- स्टर्लिटी इन्फर्टीलिटी बीमारियों पर नियंत्रण करना।
11- भारत सरकार की 60-प्रतिशत सहायता पर एफ0एम0डी0 फ्री जोन का प्रदेश समस्त 75-जनपदों में स्थापना।
12- रोगों के रोकथाम हेतु प्रमुख वैक्सीनों का उत्पादन जैविक औषधि उत्पादन संस्थान द्वारा किया जाना।

कार्यो का विवरण एवं निर्वहन

1- पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथामः-

(अ)

पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथाम हेतु 2202 पशु चिकित्सालय, 267 ''द'' श्रेणी पशु औषधालयों तथा 2575 पशु सेवा केन्द्रों से निरन्तर सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। पशुपालकों को पशु चिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उनके समीप में उपलब्ध कराने, प्रभावी रोग नियंत्रण एवं किसी संक्रामक/महामारी रोग के फैलने की

स्थिति में तत्काल रोकथाम, पशुओं में शत-प्रतिशत बांझपन शिविरों के आयोजन, टीकाकरण आदि सुविधायें पशुपालकों को उपलब्ध कराने हेतु 667-सचल ईकाईयां भी क्रियाशील हैं। वर्तमान में लगभग 20,000 पशु संख्या पर एक पशु चिकित्सालय स्थापित है। राष्ट्रीय कृषि आयोग की संस्तुति के आधार पर प्रत्येक 5,000 पशुओं पर एक पशुचिकित्सालय की स्थापना की जानी थी, परन्तु सीमित संसाधन एवं धनाभाव के कारण उत्तर प्रदेश में उक्त सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वर्ष 2017-18 में नवीन पशु चिकित्सालयों की स्थापना, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन पशु चिकित्सालयों के निर्माण के साथ-साथ नवीन पशु सेवा केन्द्रों के खोले जाने व पशु सेवा केन्द्रों के बाउण्ड्रीवाल, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ब)

पशु चिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण(पशु चिकित्सालयो का पुनरोद्धार तथा अतिरिक्त उपकरणों की व्यवस्था)-75 प्रतिशत सम्प्रति 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक चरण में चिन्हित जनपदों के अनुमोदित 150-तहसील स्तरीय पशु चिकित्सालयों सुदृढीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त योजना के द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य 81-तहसील स्तरीय पशु चिकित्सालयों सुदृढीकरण का कार्य पूर्ण। वित्तीय वर्ष 2017-18 में पशुचिकित्सालयों के सुदृढ़ीकरण अन्तर्गत 92-पशु चिकित्सालयों पर निर्माण कार्य एवं 50-पशु चिकित्सालयों पर अतिरिक्त उपकरणों से व्यवस्थित किये जाने का प्रस्ताव है।

2- **पॉलीक्लीनिक की स्थापना :-**

वर्तमान में विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष पशुचिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु पॉच पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक क्रमशः गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, बड़ौत-बागपत तथा सैफई-इटावा में कार्यरत है जिनके माध्यम से रेडियोंलाजिस्ट, सर्जन एवं गायनाकोलाजिस्ट द्वारा विशेष रोग निदान सेवाएं (विषय विशेषज्ञों द्वारा) आधुनिक उपकरणों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है । इटावा जनपद के सैफई एवं जनपद-बागपत के बड़ौत में स्थापित नवीन पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिकों के संचालन हेतु पदों का सृजन हो चुका है, जिसके सापेक्ष प्रश्नगत पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक भी क्रियाशील हो गये हैं। वर्ष 2007-08 में जनपद-गौतमबुध्द नगर में नवीन पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक बादलपुर की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसके निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित्कर निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2014-15 में जनपद-बस्ती में नवीन पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक, बस्ती की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसका निर्माण अन्तिम चरण में है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश के अन्य 15-मण्डलीय जनपदों के मुख्यालय पर नाबार्ड द्वारा वित-पोषित योजना-ग्रामीण अवस्थापना विकास निधि(RIDF) अन्तर्गत एक-एक नवीन पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक की स्थापना कराये जाने की कार्य-योजना अनुमोदित है। उक्त के सापेक्ष 08-पशुचिकित्सा पालीक्लीनिकों का वित्तीय वर्ष 2016-17 में निर्गत वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में अवशेष 07-पशुचिकित्सा पालीक्लीनिकों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

3- **रोग निदान तथा बीमारियों की खोजः-**

उक्त कार्य हेतु एक केन्द्रीय प्रयोगशाला निदेशालय पर तथा 10 मंडलीय प्रयोगशालायें मंडलों पर कार्यरत हैं, जिनके द्वारा पशुरोगों की जाचॅ एवं डायग्नोसिस की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2004-05 में मण्डलीय प्रयोगशाला बाराणसी

एवं फैजाबाद, वर्ष 2005-06 में बरेली, मुरादाबाद तथा वर्ष 2006-07 में इलाहाबाद एवं आगरा तथा वर्ष 2007-08 में मेरठ में प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ीकरण किया गया है। वर्ष 2008-09 से वर्ष 2009-10 तक झांसी व कानपुर प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। वर्ष 2010-11 में अलीगढ़ में स्थापित स्वाइन फीवर प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वित्त-पोषण से प्रदेश के अन्य 65-जनपदों के मुख्यालय पर एक-एक नवीन रोग निदान प्रयोगशाला की स्थापना अन्तर्गत निर्माण कार्य प्रगति पर है।

4- पशुरोगों के नियंत्रण का कार्यक्रमः-

(1) पशुपालन विभाग द्वारा आलोच्य 2017-18 से पशुओं के रोगों के नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकार के रोग निरोधक टीकाकरण का कार्य निःशुल्क किया जा रहा है।

(2) पशु रोगों के नियंत्रण हेतु राज्यों को सहायता-एस्कैड-60-प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत समस्त जनपदों में विगत वित्तीय वर्ष 2016-17 में व्योपरान्त अवशेष केन्द्रांश का वर्ष 2017-18 में रिवैलीडिशन की धनराशि के सापेक्ष प्रदेश के समस्त 75-जनपदों में एच.एस. रोग निरोधक टीकाकरण का कार्यक्रम अभियान के रूप में चलाया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2017-18 में भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में अनुमोदित एच.एस. टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम् से प्रदेश में सम्प्रति एच0एस0 टीकाकरण कार्यकम चलाया जा रहा है।

पशु रोगों के नियंत्रण हेतु राज्यों को सहायता-एस्कैड-योजनान्तर्गत पशुओं की विभिन्न रोगों से सुरक्षा हेतु पशुपालकों को जागरूक करने हेतु विविध कार्यक्रम एवं पशुचिकित्साविदों व पैरावेटेनरी कार्मिकों को समय-समय पर आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्य भी किया जाता हैं।

पशु रोगों के नियंत्रण हेतु राज्यों को सहायता(एस्कैड)-योजना अन्तर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार बारहवीं पंचवर्षीय योजना में, कुत्तों के काटने से पशुओं में होने वाले रैबीज रोग की रोकथाम हेतु रैबीज रोग निरोधक टीकाकरण एवं पशुओं को अन्तः परजीवी से सुरक्षित रखने हेतु अभियान के रूप में दवापान की व्यवस्था किये जाने के लिये इण्डौ पैरासिटिक कण्ट्रोल कार्यक्रम नामक दो नवीन कार्यक्रमों का प्रदेश के समस्त जनपदों में क्रियान्वयन किया जा रहा है।

(3) वित्तीय वर्ष 2017-18 में समस्त 75-जनपदों में भारत सरकार के निर्देशानुसार पी0पी0आर0 टीकाकरण एक पृथक कार्यक्रम-पी0पी0आर0-सी.पी.(60प्रतिशतके0पो0) के अन्तर्गत किया जा रहा है।

साथ ही वित्तीय वर्ष 2017-18 में भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में अनुमोदित पी0पी0आर0 टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम् से प्रदेश में सम्प्रति पी0पी0आर0 टीकाकरण कार्यकम चलाया जाना है।

(4) वित्तीय वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 तक खुरपका-मुँहपका, रोग नियंत्रण कार्यक्रम 17-जनपदों सम्प्रति 20-जनपदों में कुल 15-चरणों का टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार बारहवीं पंचवर्षीय योजना में खुरपका-मुँहपका रोग-नियंत्रण कार्यक्रम(एफ.एम.डी.-सी.पी.) के विस्तारीकरण के समक्ष वर्ष 2014-15 में प्रश्नगत कार्यक्रम का प्रदेश के समस्त 75-जनपदों को आच्छादितकर 16वें चरण के रूप में निःशुल्क एफ.एम.डी.-टीकाकरण अभियान का कार्य किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 21वें चरण के रूप में निःशुल्क एफ.एम.डी.-टीकाकरण अभियान दिनांक 15 सितम्बर,2017 से चलाया

गया है। उक्त अभियान के पूर्ण होने के उपरान्त निर्धारित अवधि के अन्तराल पर आगामी चरणों में एफ.एम.डी.-टीकाकरण का नियमित अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है।

(5) पशुरोग महामारी की निगरानी तथा उसकी रोकथाम के लिए प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 से अब तक 153 बीमारियों का सर्वे प्रारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर रोग का सर्वे किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की नेशनल एनीमल डिजीज रिपोर्टिंग सिस्टम(100प्रतिशत के0पो0)-योजना के माध्यम् से पर चलाया जा रहा है।

(6) राष्ट्रीय महत्ता के कुछ प्रमुख बीमारियों जैसे टी0बी0 ब्रूसेला, पुलोरम डिजीज, स्वाइन फीवर, रेबीज एवं बोवाइन स्टर्लिटी इन्फर्टीलिटी एवं एबार्शन रोगों का नियंत्रण किया जाता है। उक्त रोग के नियंत्रण हेतु प्रदेश में निदेशालय स्तर पर कुक्कुट रोग नियंत्रण प्रयोगाशाला तथा टी0बी0 ब्रूसेला यूनिट स्थापित है। वर्तमान समय में 9 स्टर्लिटी इन्फर्टिलिटी एंव 10 कैनाइन रैबीज यूनिट एवं 2 पुलोरम डिजीज यूनिट, एक सूकर रोग निदान प्रयोगशाला स्थापित हैं।

(7) पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत नेशनल कण्ट्रोल प्रोग्राम ऑन ब्रुसेल्लोसिस(एन.सी.पी. बी.)-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय पोषण से प्रदेश में प्रजनन योग्य मादा पशुओं में गर्भाधान होने के उपरान्त होने वाले संक्रामक गर्भपात(ब्रुसेल्लोसिस) को नियंत्रित करने हेतु विविध कार्यक्रम चलाये जाने की कार्य योजना वर्तमान में अनुमोदित हैं।

5- नेशनल प्रोजेक्ट ऑन रिण्डरपेस्ट सर्विलांस एण्ड मानीटरिंग (एन.पी.आर.एस. एम.)

यह 100 प्रतिशत केन्द्र पुरोनिधानित योजना है। भारत सरकार द्वारा प्रदेश के पोकनी रोग से मुक्त घोषित किया गया है । परन्तु पूरे प्रदेश में ''रिण्डरपेस्ट'' जैसी घातक बीमारी का पुन: प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं बिलेज सर्च का कार्य किया जा रहा है। जिसके अर्न्तगत रोग से ग्रस्त सम्भावित पशुओं को डे-बुक रजिस्टर में अंकित करना तथा पशुओं पर व्यापक निगरानी रखने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आर0 पी0 रोग वर्तमान समय में नही है, परन्तु यह रोग वायरस द्वारा फैलने वाला बहुत ही भयानक रोग है, जिसके संचारित होने की सदैव सम्भावना बनी रहती है, इसलिये इस पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने हेतु निरन्तर निगरानी आवश्यक है।

<u>प्रक्रियात्मक रणनीति:-</u>

पशुचिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लायें जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाये जाने हेतु बल दिया गया है:-

1- रोग नियंत्रण सम्बन्धी सभी कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को चिन्हित कर वार्षिक, त्रैमासिक तथा मासिक लक्ष्यों को निर्धारित कर तदानुसार समीक्षा, मूल्याँकन तथा कार्यक्रम में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था की गई है ।

2- पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी तथा पशुओ में रोगों के रोकथाम संबंधी कार्यक्रमों को पशुपालकों में लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें आधुनिकतम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशुपालन प्रचार-प्रसार को और सुदृढ़ किया जा रहा है ।

कृषि कार्य में रासायनिक उर्वरकों के उपयोगसे भूमि की उर्वरता शक्ति लगातार घटती जा रही है, जिससे उत्पादन भी प्रभावित है। कृषि उपज में वृद्धि लाने, भूमि की उर्वरता शक्ति को बरकरार रखने एवं पौष्टिक खाद्यान्न पैदा करने हेतु पशुपालन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुपालन से जैविक खाद की उपलब्धता इसके उपयोग से कृषि योग्य भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा पशुओं से प्रचुर मात्रा में दुग्ध तथा दुग्ध-पदार्थो की उपलब्धता भी होगी। विभाग द्वारा जनमानस में प्रचार-प्रसार, कृषकों एवं पशुपालकों को सामयिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान रणनीति के साथ-साथ समय की मांग/क्षेत्र विशेष की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप योजनाओं को तैयार करने हेतु रणनीति भी तैयार की जा रही है।

पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के लक्ष्य/पूर्ति का विवरण

कार्यक्रम	2015-16		2016-17	
	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
टीकाकरण	1766.04	1116.742	1655.800	1595.52
चिकित्सा	302.86	341.714	302.860	354.73

कार्यक्रम	2017-18		2018-19	
	लक्ष्य	पूर्ति (माह-नवम्बर,2017 तक)	लक्ष्य	पूर्ति
टीकाकरण	1655.800	1188.95	लक्ष्य निर्धारण की कार्यवाही क्रमित	
चिकित्सा	318.08	219.05		

रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन

स्वस्थ पशु देश की चल सम्पत्ति हैं। रोगों के निदान से बेहतर बचाव के सिद्धान्त को मानते हुए पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पशु जैविक औषधि संस्थान द्वारा उत्पादित टीका बहुत प्रभावकारी है। मात्र दो रूपये के टीके से पशुपालकों के मूल्यवान पशु की रक्षा होती है। अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से एक गरीब पशुस्वामी को इस निमित्त एक ओर तो मात्र दो रूपये व्यय करने होते है परन्तु इससे उसके मूल्यवान पशु का जीवन सुरक्षित हो जाता है और दूसरी ओर संक्रामक बीमारी हो जाने पर इसके दुष्प्रभाव से संबंधित क्षेत्र के अन्य पशु भी संक्रमित होने से बच जाते हैं, जिससे उनकी उत्पादकता में सतत वृद्धि होती है। पशु–पक्षियों में विभिन्न रोगों के रोकथाम हेतु टीकों के उत्पादन का कार्य निदेशालय स्थित पशु जैविक औषधि संस्थान के द्वारा किया जा रहा है।

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ में विभिन्न प्रकार की विषाणु तथा जीवाणु जनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के टीकों (वैक्सीनों) का उत्पादन प्रदेश के 'ड्रग्स' एवं 'कास्मेटिक्स ऐक्ट' के अनुसार विधिवत् निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाता है। संस्थानमें इनके उत्पादन के पश्चात् प्रयोगात्मक पशुओं पर इनका परीक्षण तथा विश्लेषण होता है, उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही वितरण हेतु इन्हें जारी किया जाता है। प्रदेश के जनपदों से प्राप्त मांग के अनुसार उत्पादित वैक्सीनों का वितरण संस्थान द्वारा ही सुनिश्चित किया जाता है।

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2015.–16 में विभिन्न 08 प्रकार की वैक्सीनों का उत्पादन किया गया। वर्ष 2015–16 में कुल 285.82 लाख खुराक

वैक्सीन उत्पादित हुई तथा वर्ष 2016–17 में 224.07 लाख खुराक वैक्सीन उत्पादित हुई जैसा कि क्रमशः तालिका–1 व 2 में दर्शाया गया है।

तालिका–1 रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन (खुराक ..... लाख में)

क्र0 सं0	जैविक औषधियों के नाम	2015–16 (वास्तविक)		2016–17 (वास्तविक)		2017–18 (वास्तविक) 30.11.2017 तक	
		लक्ष्य	उत्पादन	लक्ष्य	उत्पादन	लक्ष्य	उत्पादन
1.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	11.00	8.40	8.50	8.50	8.75	0.00
2.	आर0डी0(आर02बी) वैक्सीन	66.00	66.52	66.00	66.54	67.00	24.40
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	6.60	2.11	4.00	4.00	4.25	0.00
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.30	1.08	1.30	1.10	1.30	0.60
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	245.00	197.76	225.00	133.55	225.00	131.81
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	2.20	2.25	2.20	2.33	2.30	0.00
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	5.50	5.50	5.50	5.50	5.60	0.00
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	2.20	2.20	2.20	2.55	2.30	0.00
	योग–	**339.8**	**285.82**	**314.70**	**224.07**	**316.5**	**156.81**

तालिका–2 वैक्सीन की उपलब्धि एवं वितरण की स्थिति (खुराक ..... लाख में)

क्र0 सं0	जैविक औषधियों के नाम	2016–17 (वास्तविक)		2017–18 (वास्तविक) 30.11.2017 तक	
		वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण	वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	81.388	51.592	54.196	42.736
2.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	16.200	7.650	8.50	7.87
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	6.110	2.110	4.00	2.95
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.371	1.289	0.682	0.682
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	263.394	253.914	371.280	366.224
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	3.762	1.635	4.594	2.317
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	10.918	5.545	5.510	5.30
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	4.750	2.198	2.550	2.50
9.	पी0पी0आर0 वैक्सीन	50.357	10.401	39.956	39.289
10.	एफ0एम0डी0 वैक्सीन प्राइवेट	0.721	0.00	0.721	0.721
11.	ब्रुसेल्ला वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00
	योग–	**438.971**	**336.334**	**491.989**	**470.589**

नोट– वित्तीय वर्ष 2017–18 में एच0एस0 वैक्सीन 239.480 लाख खुराक निदेशालय द्वारा क्रय कर संस्थान को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है।

वर्ष 2017–18 के लिये 191416.00 हजार रूपये के बजट की माँग की गई है, जिससे कि संस्थान द्वारा प्रदेश में उपलब्ध बड़े पशुओ, छोटे पशुओं तथा मुर्गियों का संक्रामक रोगों से बचाव के लिए क्षमतानुसार अधिक से अधिक जैविक औषधियों/टीके निर्मित किये जा सकेगें। प्रस्तावित धनराशि से तालिका–3 के अनुसार वर्ष 2017–18 हेतु लक्ष्य रखा गया है।

तालिका–3 उत्पादित किये जा रहे वैक्सीनो हेतु वर्ष 2018–19 के लक्ष्य (खुराक ..... लाख में)

क्र0 सं0	जैविक औषधियों के नाम	2017–18 (पुनरीक्षित)		2018–19 (अनुमानित लक्ष्य)	
		उत्पादन	वितरण	उत्पादन	वितरण
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	67.00	42.736	67.00	
2.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	8.75	7.87	11.00	–
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	4.25	2.95	6.60	–
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.30	0.682	1.30	–
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	225.00	131.760	250.00	–
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	2.30	2.317	2.30	–
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	5.60	5.30	5.80	–
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	2.30	2.50	2.30	–
	योग–	**316.50**	**196.115**	**346,30**	–

तालिका–4 पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ के 2018–19 के वैक्सीन उत्पादन का त्रैमासवार लक्ष्य

क्र0 सं0	वैक्सीन का नाम	प्रथम त्रैमास	द्वितीय त्रैमास	तृतीय त्रैमास	चतुर्थ त्रैमास	वार्षिक योग
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	18.00	18.00	16.00	15.00	67.00
2.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	0.00	7.00	4.00	0.00	11.00
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	2.00	2.55	2.05	6.60
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.60	0.00	0.50	0.20	1.30
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	90.00	85.00	0.00	75.00	250.00
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	0.00	0.00	2.30	0.00	2.30
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	3.00	2.80	5.80
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	0.00	0.00	2.30	0.00	2.30
	योग–	**108.60**	**112.00**	**30.65**	**95.05**	**346.30**

तालिका–5 वर्ष 2018–19 में वैक्सीन उत्पादन का प्रस्तावित माहवार कार्यक्रम

क्र0 सं0	वैक्सीन का नाम	4/18	5/18	6/18	7/18	8/18	9/18	10/18
1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00
2.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	2.50	2.50	2.00	2.00
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00	1.00	0.85
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.00	0.60	0.00	0.00	0.00	0.00	0.50
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	30.00	30.00	30.00	30.00	30.00	25.00	0.00
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	योग–	**36.00**	**36.60**	**36.00**	**38.50**	**39.50**	**34.00**	**10.35**

क्र0 सं0	वैक्सीन का नाम	11/18	12/18	01/19	02/19	03/19	वार्षिक योग

1.	आर0डी0 (आर 2बी) वैक्सीन	5.00	5.00	5.00	5.00	5.00	67.00
2.	आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	2.00	0.00	0.00	0.00	0.00	11.00
3.	फाउल पाक्स वैक्सीन	0.85	0.85	0.85	0.60	0.60	6.60
4.	स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.20	1.30
5.	एच0एस0एलम वैक्सीन	0.00	0.00	20.00	25.00	30.00	250.00
6.	बी0क्यू0 वैक्सीन	1.15	1.15	0.00	0.00	0.00	2.30
7.	टिशू कल्चर शीप पाक्स वैक्सीन	1.00	1.00	1.00	0.90	0.90	5.80
8.	इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	1.15	1.15	0.00	0.00	0.00	2.30
	योग–	**11.15**	**9.15**	**26.85**	**31.50**	**36.70**	**346.30**

नोट–क्षेत्रीय माँग के अनुसार उत्पादन एवं वितरण घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

4–उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद

वित्तीय माँग

धनराशि लाख रु0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय	आय–व्ययक अनुमान
	2016–17	2017–18
उ0प्र0 वेटरिनरी काउंसिल	38.99	70.45
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
उ0प्र0 वेटरिनरी काउंसिल	70.45	

प्रदेश में पशु चिकित्सा व्यवसाय को रेगुलेट करने तथा पशुपालकों को पशुओं की चिकित्सा स्नातक पशु चिकित्साविदों द्वारा उपलब्ध कराने तथा उन्हें पशु चिकित्सा की आधुनिक पद्धति की जानकारी देने के ध्येय से भारत सरकार द्वारा पारित भारतीय पशु चिकित्सा अधिनियम 1984 उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंगीकृत किये जाने के पश्चात इसके अधीन भारत सरकार की सहायता से उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद् कार्यालय की स्थापना की गई। कार्यालय की स्थापना के उपरान्त से सरकारी तथा गैर सरकारी पशु चिकित्साविदों के पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है । परिषद् की स्थापना की तिथि से दिनांक 31.12.2017 तक किये गये पंजीकरण, नवीनीकरण प्रमाणपत्र तथा निरस्तीरण की स्थिति निम्नवत है :–

1–पंजीकरण :– 6883

2–नवीनीकरण :– 9042

3– निरस्तीकरणः– 415

उक्त के अतिरिक्त पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु जितने भी आवेदन पत्र प्राप्त होते है, पूर्ण व सही पाये जाने पर उनका शत प्रतिशत पंजीकरण/नवीनीकरण किया जाता है। बी0वी0एस0 सी0 एण्ड ए0एच0 कोर्स की समाप्ति पर जितने भी आवेदन पत्र प्रोविजनल प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त होते हैं, सही पाये जाने पर शत–प्रतिशत अस्थाई प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का लक्ष्य है।

5–पशु तथा भैंस विकास

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय मांग धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय	आय–व्ययक अनुमान
	2016–17	2017–18
पशु तथा भैंस विकास	15177.68	21851.96
	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
लेखाशीर्षक	2017–18	2018–19
पशु तथा भैंस विकास	22351.97	25007.26

परिचयात्मक / उद्देश्य :–

प्रदेश में पशु विकास का कार्यक्रम निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये चलाया जा रहा है :–

1– प्रदेश में पशु प्रजनन नीति वर्ष 2002 से प्रभावी है। पशु प्रजनन नीति को वर्तमान परिपेक्ष्य में विशेषज्ञों के सहयोग से रिव्यू किया जाना।

2– कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य वर्ष 2016–17 में 130.00 लाख निर्धारित किया गया है तथा बारहवी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 160.00 लाख प्रजनन योग्य पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किये जाने का लक्ष्य है जिससे प्रदेश की कुल प्रजनन योग्य पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान द्वारा 75 प्रतिशत आच्छादन हो जायेगा ।

3– कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण कर पशुपालकों के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराना।

4– प्रत्येक पशुचिकित्सालय क्षेत्र में बांझपन निवारण शिविरों का आयोजन कर बांझपन समस्या से ग्रस्त पशुओं का उपचार कर प्रजनन योग्य बनाना है एवं पशुओं में परजीवी कृमिनाशक दवापान, मिनरल मिक्सचर, टीकाकरण कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता को बढाया जाना ।

5– उच्च गुणवत्ता के जर्म प्लाज्म को बढ़ावा देने हेतु तथा प्रदेश में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कामधेनु योजना लागू किया जाना।

6– पशुओं में परजीवी कृमिनाशक दवापान, मिनरल मिक्सचर, टीकाकरण / कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता को बढाया जाना।

7– ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना ।

पशु विकास कार्यक्रम वस्तुतः मुख्य रूप से उन्नत प्रजनन पर आधारित है, जिसके लिये 5043 विभागीय संस्थाओं द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। स्वरोजगाार के अर्न्तगत प्रशिक्षित 8168 पैरावेटस के द्वारा भी कृत्रिम गर्भाधान सेवा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध करायी जा रही है। विभाग द्वारा 03 अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्रों पर अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्रा का उत्पादन किया जाता है।

अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्राज का वर्षवार लक्ष्य व उत्पादन निम्नवत् है :– आंकड़े (लाख में)

क्र0 सं0	मद	2014–15		2015–16		2016–17		2017–18		2018–19
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
1	अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्रॉज का उत्पादन	8.45	4.41	12.50	6.39	20.00	20.67	50.00	22.01	50.00

प्रदेश में पशु प्रजनन नीति :–

पशु प्रजनन नीति के अन्तर्गत प्रजनन योग्य पशुओं के चरणबद्ध रुप से 50–75 प्रतिशत (प्रत्येक गर्मी में आये पशु को) पशुओं को प्रजनन की सुविधा द्वारा आच्छादित करने के लिए विभाग कृत संकल्प है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान एवं दूरस्थ ग्रामों में नैसर्गिक अभिजनन की सुविधा प्रदत्त की जा रही है। इसके लिए क्षेत्रवार निम्नवत् नस्ल के सांड़ों के वीर्य का उपयोग अनुमोदित है :–

1– दुग्ध विकास हेतु प्रदेश के गोवंश को विदेशी नस्ल के साड़ों के वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान कराकर संकर नस्ल तैयार कर दुग्ध की मात्रा बढ़ाने पर बल दिया जा रहा है। इसके लिये बुन्देलखण्ड, मिर्जापुर मण्डल हेतु जर्सी व जर्सी क्रास तथा अन्य क्षेत्रों हेतु होलिस्ट्रीन फ्रीजियन व इनका क्रास अनुमोदित है ।

2– विशुद्ध भारतीय मूल के संरक्षण व संबर्द्धन हेतु इनके उच्चवर्गीकरण के लिये शुद्ध भारतीय नस्ल के सांड़ों के वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है ।

3– विदेशी रक्त को 50 प्रतिशत बनाए रखने के लिये स्वदेशी सांड़ों का वीर्य, संकर प्रजनन हेतु प्रयोग किया जा रहा है तथा संकर नस्ल के सांड़ों से गर्भित कराया जा रहा हैं।

4– महिषवंश के उच्चवर्गीकरण हेतु मुर्रा व भदावरी नस्ल के सांड़ों के वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है ।

5– वर्ष 2004–05 से विभाग मे वायफ के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के आर्थिक विकास /उन्नयन हेतु जनपदो में 512 केन्द्रों पर कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इन केन्द्रों पर अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधन का कार्य किया जा रहा है।

6– वर्ष 2011–12 से बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 120 केन्द्र एवं अन्य जनपदों में वायफ द्वारा 232 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र संचालित करने हेतु शासन के ग्राम विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया।

उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजनाः-

यह विश्व बैंक पुरोनिधानित योजना है। इसके अन्तर्गत पशुपालन सेक्टर में स्वरोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2008–09 तक 1837 पैरावेट्स कार्यशील किये गये हैं। इस योजना में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा नस्ल सुधार कार्यक्रम प्रमुख रहा है। उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद द्वारा 1600 पैरावेटों का चयन वर्ष 2013–14 में किया गया है।

प्रदेश में पशु प्रजनन कार्य के लिए विभाग द्वारा निम्नवत् सांड़ों को रखा गया है

(तालिका–17)

क0सं0	मद	गाय	भैंस	योग
1.	अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्रों पर	70	66	136
2.	बुन्देलखण्ड संभाग में वितरित सांडों की संख्या	1437	204	1641
3.	प्राकृतिक गर्भाधान हेतु रखे गये सांडों की संख्या	5208	1006	6214
योग		**6715**	**1276**	**7991**

पशु विकास कार्यक्रम अन्तर्गत चालू योजनाऐंः–

1– गाय /भैसों में कृत्रिम गर्भाधान तथा पशु प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि0यो0)

2– गाय/भैंसो मे पशु अनुर्वरता एवं बांझपन की योजना (राज्य योजना)

3– गाय एवं भैंस विकास डेयरी कॉम्प्लेक्स की स्थापना(राज्य योजना)।

4– कामधेनु इकाईयो की ब्याजमुक्त ऋण योजना।

5– अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र की योजना।

त्रैमास का नाम	मद का नाम	2015-16		2016-17		2017-18		2018-19
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	माह सितम्बर 2016 तक की पूर्ति	लक्ष्य	माह दिसम्बर 2017 तक की पूर्ति	अनुमानित लक्ष्य
	रखे गय सांड़ों की संख्या	**अतिहिमिकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से**						
	कृत्रिम गर्भाधान की संख्या	1650000	1470171	2411003	1415859	2400018	1798310	2400018
प्रथम त्रैमास	उत्पन्न संतति की संख्या	598771	536917	612799	548315	612799	551417	674079
	रखे गय सांड़ों की संख्या	**अतिहिमिकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से**						
	कृत्रिम गर्भाधान की संख्या	2350000	1819410	2644786	2586774	5099982	2719108	5099982
द्वितीय त्रैमास	उत्पन्न संतति की संख्या	581687	515567	609786	522886	609786	528175	670765
	रखे गय सांड़ों की संख्या	**अतिहिमिकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से**						
	कृत्रिम गर्भाधान की संख्या	2350000	1991108	3947499	3411174	3699998	2471725	3699998
तृतीय त्रैमास	उत्पन्न संतति की संख्या	602887	590688	781456	687598	781456	688151	859602
	रखे गय सांड़ों की संख्या	**अतिहिमिकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से**						
	कृत्रिम गर्भाधान की संख्या	1900000	3114730	4004704	3946426	4800002		4800002
चतुर्थ त्रैमास	उत्पन्न संतति की संख्या	691685	631741	809359	651475	809359		890295
	रखे गय सांड़ों की संख्या	**अतिहिमिकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से**						
	कृत्रिम गर्भाधान की संख्या	8250000	8395419	13007992	11360233	16000000	6989143	16000000
वार्षिक योग	उत्पन्न संतति की संख्या	2475030	2274913	2813400	2410274	2813400	1767743	3094741

6– कुक्कुट विकास कार्यक्रम

वित्तीय माँग

धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
कुक्कुट विकास	1611.02		1611.02	3621.60
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान
	2017–18			2018–19
कुक्कुट विकास	3819.00			2100.00

वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य

परिचयात्मक/उद्देश्य

1. मानव आहार में उच्च गुणवत्ता की पशुजन्य प्रोटीन की उपलब्धता में वृद्धि करना।

2. ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में कुक्कुट पालकों को उन्नतशील कुक्कुट पालन की प्रारम्भिक तथा विशिष्ट प्रशिक्षण की व्यवस्था सुलभ कराना।
3. कुक्कुट को अपनी विशेषताओं के आधार पर ग्रामीण/नगरीय क्षेत्र के छोटे/बड़े कुक्कुट पालकों को स्वरोजगार के अवसर सुलभ कराना।
4. कुक्कुट पालकों के पक्षियों में रोगों का सामान्य निदान तथा कुक्कुट पक्षियों में विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव हेतु चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना।
5. पशु/पक्षी के आहार की गुणवत्ता हेतु विभिन्न आहारों के परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना।
6. कुक्कुट पालकों के कुक्कुट उत्पादों का उचित मूल्य दिलवाने तथा उनके विपणन में सहयोग प्रदान करना।
7. बैकयार्ड कुक्कुट पालन हेतु चूजे तैयार करना।
8. कुक्कुट विकास कार्यक्रम में उद्यमिता का विकास करना।

उत्पादन स्तर

1. अखिल भारतीय चिकित्सा परिषद् की संस्तुति के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 182 अण्डा तथा 10.82 कि0ग्रा0 कुक्कुट मांस मिलना चाहिए।
2. प्रदेश में 5 अण्डा तथा 0.837 कि0ग्रा0 कुक्कुट मांस प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष का उत्पादन है।
3. जबकि प्रदेश में 23 अण्डा तथा 0.9873 कि0ग्रा0 कुक्कुट मांस प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष की दर से उपभोग किया जा रहा है।
4. प्रदेश में अण्डा तथा कुक्कुट मांस के कुल उत्पादन के लगभग 35 प्रतिशत निजी क्षेत्र में कार्यरत आर्गनाइज्ड सेक्टर के कुक्कुट प्रक्षेत्रों तथा 65 प्रतिशत बैकयार्ड क्षेत्र में कार्यरत कुक्कुट प्रक्षेत्रों से होता है।
5. इस प्रकार प्रदेश के उक्त दोनों क्षेत्रों में विकास की असीम सम्भावनायें हैं।

विभाग द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा कुक्कुट विकास की मुख्य रूप से निम्न योजनायें क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश में बैकयार्ड पोल्ट्री के अन्तर्गत कुक्कुट पालकों की उच्च गुणवत्ता के कुक्कुट चूजों को उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से प्रदेश में कार्यरत 08 कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरियों हेतु पैरेन्ट पक्षी तथा अन्य व्यवस्था हेतु धन उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान में निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं:-

1. कामर्शियल लेयर्स फार्म की स्थापना (राज्य योजना) 5 वर्षो में 123 लाख पक्षी क्षमता के फार्म।
2. ब्रायलर पैरेन्ट फार्म की स्थापना (राज्य योजना) 5 वर्षो में 6 लाख पक्षी क्षमता के फार्म।
3. कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरी की स्थापना।
4. 30 दिवसीय कुक्कुट प्रशिक्षण।
5. आहार परीक्षण प्रयोगशाला
6. कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला
7. सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक प्रयोगशाला
8. साल्मोनेला पुलोरम डिजीज कन्ट्रोल प्रयोगशाला।
9. बैकयार्ड कुक्कुट विकास कार्यक्रम (रा0यो0/एस0सी0पी0/समाज कल्याण विभाग से वित्त पोषित)-राज्या योजना
10. रूरल बैकयार्ड कुक्कुट विकास कार्यक्रम (65 प्रतिशत केन्द्र पोषित) राज्य योजना

1- कामर्शियल कुक्कुट विकास फार्म की स्थापना (राज्य योजना)

प्रदेश में लगभग 1 करोड़ अण्डा प्रतिदिन की दर से अन्य प्रदेशों से आयात किया जाता है जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए 5 वर्षो में 30 हजार कामर्शियल पक्षियों की एक इकाई की दर से कुल 410 इकाईयाँ खोली जायेगीं। एक इकाई की कुल लागत रू0 180.00 लाख आयेगी जिसका 70 प्रतिशत अर्थात रू0 126.00 लाख बैंक ऋण होगा तथा 30 प्रतिशत अर्थात रू0 54.00 लाख मार्जिन मनी होगी जिसे उद्यमी द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। इस योजना के लिए बैंक से प्राप्त किये जाने वाले ऋण पर 10 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति 5 वर्षो (60 माह) तक राज्य सरकार द्वारा की जायेगी। 10 प्रतिशत से अधिक ब्याज का वहन उद्यमी द्वारा स्वयं किया जायेगा। एक इकाई की स्थापना हेतु लगभग 3 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्यमी एक इकाई अथवा इसके गुणक में फार्म की स्थापना कर सकता है। अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 के अनुसार लाभार्थी को अन्य सुविधायें यथा योजना हेतु भूमि क्रय पर स्टैम्प डयूटी में शत-प्रतिशत छूट, मण्डी शुल्क में छूट, स्टैम्प शुल्क में छूट बिक्रीकर में छूट इत्यादि दी जायेगी। वित्तीय वर्ष 2013-14 में 65 इकाईयों की स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष्य 114 इकाईयों की स्थापना के प्रस्ताव प्राप्त हुए। वित्तीय वर्ष 2014-15 में 90 इकाईयों की स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक रूप से 186 इकाईयों हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 में **शासनादेश संख्या-4064/सैतीस-2-2015-30(116)/2015 दिनांक 11 जनवरी-2016 के आदेशानुसार 30000 पक्षी/इकाई के साथ ही 10000 पक्षी प्रति इकाई की योजना भी शुरू की गयी तथा योजना के अनुसार 30000 पक्षी/इकाई का लक्ष्य 200 इकाई एवं 10000 पक्षी/इकाई का लक्ष्य 630 निर्धारित किया गया।** उक्त के अनुसार वर्ष 2015-16 में मार्च-2016 तक कुल 105 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष क्रमित रूप से 325 इकाईयों के प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा 140 इकाईयों के बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हुए और 104 इकाईयाँ क्रियाशील हुई। वर्ष 2016-17 में माह मार्च 17 तक(30000 पक्षी/इकाई) कुल 155 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक रूप से 413 इकाईयाँ के सापेक्ष 185 बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत की गयी तथा 161 इकाईयों क्रियाशील हो गयी हैं (प्रदेश में माह जुलाई-2016 तक लगभग अतिरिक्त अण्डा 33.21 लाख उत्पादित हो रहा है) तथा उपरोक्त शासनादेश के अन्तर्गत 10000 पक्षी/इकाई में प्रति इकाई योजना की कुल लागत रू0 70.00 लाख आयेगी जिसका 70 प्रतिशत अर्थात रू0 49.00 लाख बैंक ऋण होगा तथा 30 प्रतिशत अर्थात रू0 21.00 लाख मार्जिन मनी होगी जिसे उद्यमी द्वारा वहन किया जायेगा तथा 5 वर्ष (60 महीने तक केवल 10 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति की जायेगी, इसमें केवल 2 इकाईयों की स्थापना ही एक लाभार्थी कर सकता है तथा विद्युत अधिभार में रू0 400.00 प्रति इकाई की छूट 10 वर्ष तक प्राप्त होगी। अन्य नियम एवं शर्ते 30000 पक्षी/इकाई की भॉति ही लागू होगी, 10000 प्रति इकाई हेतु वर्ष 2016-17 के लिए कुल लक्ष्य 315 इकाईयों के सापेक्ष 499 इकाईयों के प्राप्त प्रस्तावों में से 135 इकाईयों के बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हुए हैं और 80 इकाईयाँ क्रियाशील हो गयी हैं। प्रदेश में 2017 तक लगभग अतिरिक्त अण्डा 60.28 लाख प्रतिदिन पैदा हो रहा है। 22820 लोगों को रोजगार प्रापत हुआ है तथा रू0 529.76 करोड़ का निवेश हुआ है।

2- ब्रायलर पैरेन्ट फार्म की स्थापना (राज्य योजना)

प्रदेश में लगभग 972 लाख कामर्शियल ब्रायलर चूजे प्रतिवर्ष अन्य प्रदेशों से आयात किया जाता है जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए 5 वर्षो में 10 हजार ब्रायलर पैरेन्ट पक्षियों की एक इकाई के कुल 60 इकाईयाँ खोली जायेगी। एक इकाई की कुल लागत रू0 206.50 लाख आयेगी। जिसका 70 प्रतिशत अर्थात रू0 146.00 लाख बैंक ऋण होगा तथा 30 प्रतिशत अर्थात रू0 61.50 लाख मार्जिन मनी होगी जिसे उद्यमी द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। इस उद्देश्य के लिए बैंक से प्राप्त किये जाने वाले ऋण पर 10 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति 5 वर्षो (60 माह) तक राज्य सरकार द्वारा

की जायेगी। 10 प्रतिशत से अधिक ब्याज का वहन उद्यमी द्वारा स्वयं किया जायेगा। एक इकाई की स्थापना हेतु लगभग 6 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्यमी एक इकाई अथवा इसके गुणक में फार्म की स्थापना कर सकता है। अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2013 के अनुसार लाभार्थी को अन्य सुविधायें यथा स्टैम्प शुल्क में छूट, मण्डी शुल्क में छूट इत्यादि दी जायेगी। वित्तीय वर्ष 2013-14 में 10 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 इकाईयों का ऋण स्वीकृत हो चुक है। स्थापना पर कार्य चल रहा है। वर्ष 2014-15 में भी 10 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 01 इकाई का प्रस्ताव प्राप्त है। इस प्रकार कुल 3 इकाईयों में से मात्र 02 इकाई का ही बैंक ऋण स्वीकृत है। वर्ष 2015-16 में 10 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 इकाईयों का ऋण स्वीकृत हुआ है। वर्ष 2016-17 में 15 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष माह जुलाई तक 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार 45 इकाईयों के लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से बैंक द्वारा 2 इकाईयों का ऋण स्वीकृत हुआ। इस कार्यक्रम को गति देने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

3. कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरी की स्थापना

वर्तमान में कार्यरत 11 कुक्कुट प्रक्षेत्रों तथा एक बटेर प्रक्षेत्र पर निम्नवत पक्षियों को रखे जाने की क्षमता है:-

क्र0सं0	प्रक्षेत्र का नाम	क्षमता
1.	बाबूगढ़-गाजियाबाद	3000
2.	चकगंजरिया-लखनऊ	3000
3.	मुरादाबाद	2000
4.	भोजीपुरा-बरेली	2000
5.	भरारी-झाँसी	2000
6.	गोण्डा	2000
7.	बिचपुरी-आगरा	2000
8.	इटावा	1000
	कुल 08 प्रक्षेत्र	**17000 पक्षियों की कुल संख्या**

नोट:- वर्तमान समय में तीन प्रक्षेत्र, मिर्जापुर, मुरादाबाद, फैजाबाद बन्द चल रहे हैं।

राजकीय बटेर प्रजनन प्रक्षेत्र, चकगंजरिया-लखनऊ 500

इन प्रक्षेत्रों/हैचरियों पर पैरेन्टस पक्षियों की व्यवस्था तथा उनके आहार एवं रख-रखाव आदि की व्यवस्था रिवाल्विंग फण्ड/आयोजनेत्तर पक्ष से स्वीकृत धनराशि से किया जाता है।

4. 30 दिवसीय कुक्कुट प्रशिक्षण

प्रदेश में एक मात्र महानगर-लखनऊ प्रक्षेत्र पर एक कुक्कुट पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजनेत्तर पक्ष से संचालित है। इसके अन्तर्गत सेवाकालीन पशुधन प्रसार अधिकारियों तथा निजी क्षेत्र के कुक्कुट पालकों को कुक्कुट प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2015-16 में कुल 112 विभागीय एवं गैर विभागीय कुक्कुट पालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2016-17 में जून-2016 तक 45 विभागीय तथा गैर विभागीय कुक्कुट पालक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

5. आहार परीक्षण प्रयोगशाला

कुक्कुट पालन में कुक्कुट आहार की गुणवत्ता का विशेष महत्व है। आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से लखनऊ में निदेशालय परिसर में एक आहार परीक्षण प्रयोगशाला आयोजनेत्तर मद में कार्यरत है, जहाँ पर अप्राक्सीमेट प्रिंसेपल के आधार पर आहार में नमी, फूड प्रोटीन, ईथर इप्सट्रेट टोटल एअर, एसिड इन साल्युविन एश तथा कार्बोहाइड्रेड बाइडिफेरेन्स यूरिया एवं आक्साटॉक्सिन जाँच करने की व्यवस्था है। वर्ष 2016-17 में कुल 302 नमूनों का विश्लेषण किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में नवम्बर 2017 तक 228 नमूनों का विश्लेषण किया गया। अब इस प्रयोगशाला पर अफ्लाटॉक्सिन डिटेक्शन की भी व्यवस्था हो गयी है।

नई कृषि नीति के अन्तर्गत प्रदेश में आहार रेगुलेशन एक्ट को प्रभावी बनाने हेतु निर्णय लिया गया है जिसके अन्तर्गत इस प्रयोगशाला की आयोजनेत्तर मद से आटो एनेलाइजर के साथ आधुनिक बनाये जाने का प्रस्ताव है।

6. कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला

प्रदेश में कुक्कुट विकास के साथ-साथ कुक्कुट पक्षियों में नये-नये रोगों का भी प्रादुर्भाव हुआ है। ऐसी स्थिति में कुक्कुट व्यवसाय को लाभकारी बनाने के दृष्टिकोण से कुक्कुट पक्षियों को होने वाले रोगों का निदान अतिआवश्यक और महत्वपूर्ण है। उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वर्तमान में निदेशालय परिसर में एक कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला कार्यरत है। इसे आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने की व्यवस्था राष्ट्रीय महत्ता के कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस प्रयोगशाला में कुक्कुट शव विच्छेदन भी किया जाता है। वर्ष 2016-17 में कुल 192 शव विच्छेदन प्रयोगशाला में किये गये। चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में दिसम्बर 2017 तक 150 शव विच्छेदन किये गये।

7 सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक प्रयोगशाला

वर्तमान में प्रदेश अन्तर्गत सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक प्रयोगशाला के रूप में 10 इकाइयॉ मुरादाबाद, गोरखपुर, सहारनपुर व वाराणसी, झॉसी, फैजाबाद, कानपुर, इलाहाबाद, आगरा, बरेली में स्थापित हैं। इन सचल प्रयोगशालाओं की स्थापना निजी प्रक्षेत्रों/कुक्कुट पालकों के फार्मो पर पक्षियों को विभिन्न बीमारियों की जॉच तथा निदान के फलस्वरूप रोकथाम के सुझाव देने के उद्देश्य से की गई है ताकि निजी कुक्कुट पालकों की कुक्कुट रोग विषयक समस्याओं का निदान कर इससे कुक्कुट विकास कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाता है। इस प्रयोगशाला में कार्यरत विशेषज्ञ/कर्मी कुक्कुट पालकों के द्वारा पर जाकर कुक्कुट रोगों की जॉच कर निदान सम्बन्धी सुझाव देते हैं।

8. साल्मोनेला पुलोरम डिजीज कन्ट्रोल प्रयोगशाला

वर्ष 1998-99 में 2 पुलोरम डिजीज यूनिट क्रमशः वाराणसी एवं मुरादाबाद में स्थापना हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई, जो संचालित है। इन प्रयोगशालाओं में निजी प्रक्षेत्रों एवं कुक्कुट पालकों के फार्म पर पाले जा रहे पक्षियों में साल्मोनेला पुलोरम कलर एन्टीजन द्वारा पुलोरम डिजीज की जॉच की जाती है एवं कुक्कुट पालकों को इस बीमारी से बचाव हेतु सुझाव एवं उपचार भी दिये जाते हैं।

9. बैकयार्ड कुक्कुट विकास कार्यक्रम (अनुदान सं0-83 रा0यो0)

यह अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए कार्यक्रम है, जो समाज कल्याण विभाग से वित्त पोषित है। इसके अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन करके उन्हें कुक्कुट पालन ट्रेड में एक सप्ताह का प्रशिक्षण समीप के पशु चिकित्सालय पर दिया जाता है उन्हें 50 चूजों की एक इकाई खुलवायी जाती है। प्रति इकाई रू0 3000.00 मात्र का पैकेज व्यय आता है, जो पूर्णतः अनुदान है। पैकेज के अन्तर्गत 50 चूजे, कुक्कुट आहार, दवा, छप्पर की व्यवस्था, प्रशिक्षण एवं चूजों का लाभार्थी के द्वार तक यातायात सम्मिलित है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 में 30700 इकाईयॉ खोले जाने का लक्ष्य था। (प्रति जनपद 200 कुक्कुट इकाई) इसके सापेक्ष शत-प्रतिशत 15000 इकाइयॉ खोली गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में 30000 इकाईयॉ खोले जाने का लक्ष्य था। प्रदेश के समस्त जनपदों में (जनपदवार) निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत धनराशि की शत-प्रतिशत पूति कर ली गई है तथा अनुसूचित जाति के निर्धन/गरीब लाभार्थियों अवस्थापना कर रोजगार का सृजन किया गया।

वर्ष 2016-17 में योजना में प्राविधानित धनराशि रू0 450.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा निर्गत कर दी गई है तथा प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए निर्धारित लक्ष्य 15000 कुक्कुट इकाईयॉ के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति की गयी। वित्तीय वर्ष 2017-18

में योजना के प्राविधानित धनराशि 450.00 लाख स्वीकृति शासन द्वारा निर्गत की गई जिसे प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए निर्धारित लक्ष्य 15000 कुक्कुट इकाईयाँ गठित की जानी है।

10. रूरल बैकयार्ड कुक्कुट विकास कार्यक्रम (60 प्रतिशत केन्द्र पोषित)

यह 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित बी0पी0एल0 लाभार्थियों के लिए कार्यक्रम है। इसके अन्तर्गत मदर यूनिट खोलकर प्रति मदर यूनिट से 300 बी0पी0एल0 लाभार्थियों को लिंक करके प्रति लाभार्थी 45 एक माह के चूजे दिये जाते हैं। प्रति मदर यूनिट स्थापना के लिए रू0 60000.00 का अनुदान तथा चूजों के शेल्टर/आहार के लिए रू0 1500.00 प्रति लाभार्थी भी दिया जाता है। वर्ष 2016-17 में 251 मदर यूनिट खोलकर 75300 बी0पी0एल0 लाभार्थियों को लभान्वित किये जाने की योजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। योजना की कुल लागत रु0 2974.35 लाख है। वर्ष 2016-17 में सामान्य मद में 400.00 लाख का बजट स्वीकृत किया गया जिसके सापेक्ष 40 मदर यूनिट स्थापित कर 9600 लाभार्थियों को लभान्वित किया गया।

वर्ष 2017-18 में रु0 2289.79 लाख धनराशि स्वीकृत की गयी जिससे प्रदेश के आठ मण्डलों के 30 जनपदों में 211 मदर यूनिट स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया

प्रक्रियात्मक रणनीति

कुक्कुट विकास कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में बैकयार्ड पोल्ट्री को विकसित करने तथा निजी क्षेत्र के बड़े कुक्कुट उद्यमियों को आकर्षित करने हेतु निम्न रणनीति बनायी गयी है:-

1. प्रमुख कार्यक्रमों का लक्ष्यों का वार्षिक त्रैमासिक तथा मासिक निर्धारण पर नियमित समीक्षा एवं मूल्यांकन कर कार्यक्रम में आने वाली कठिनाईयों के निस्तारण पर बल दिया गया है।
2. कुक्कुट स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्भावित संक्रामक रोगों के बचाव हेतु टीकाकरण तथा न्यू इमरजिंग डिजीज के रोग निदान की सुविधा कुक्कुट पालकों के द्वार पर उपलब्ध कराने पर बल दिया गया है।
3. प्रक्षेत्र में कुक्कुट विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रत्येक जनपद में एक कुक्कुट प्रोग्राम अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो उद्यमियों को इस व्यवसाय में आ रही कठिनाईयों को दूर करने एवं क्रियान्वयन में सहयोग करेगें।
4. बर्ड फ्लू से बचाव हेतु आवश्यक कदम एवं मॉकड्रिल कराये जा रहे हैं।

सारांश वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य कुक्कुट विकास कार्यक्रम

(रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यक्रम का नाम विवरण	वर्ष 2016-17 की वास्तविक		वर्ष 2017-18 क्रमिक पूर्ति माह -2017 तक		वर्ष 2018-19 का अनुमान
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य
1	2	3	5	6	7	8
1.	प्रक्षेत्र पर रखे गये प्रजनन योग्य कुक्कुट पक्षी	0.17500	0.10239	0.19500	0.8556	0.17500
	उत्पादिन अण्डे	26.25	5.81625	29.50	2025159	26.25
	उत्पादित चूजे	15.75	1.78760	17.43	0.96406	15.75
2.	तीस दिवसीय कुक्कुट प्रशिक्षण	125	66	125	159	125
3.	आहार विश्लेषण	500	302	500	157	500

नोट: वर्ष 2015-16 में प्रक्षेत्रों की मांग के अनुरूप बजट प्राप्त न होने एवं तीन प्रक्षेत्र मिर्जापुर, फैजाबाद एवं मुरादाबाद बन्द होने के कारण लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम रही तथा चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में चल रहे राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, बाबूगढ़-हापुड़, वाराणसी, भोजीपुरा-बरेली एवं

बकेवर-इटावा पर पैरेन्ट स्टाक हेतु बजट उपलब्ध न होने के कारण पैरेन्ट नही पाले जा रहे है। जिस कारण लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति कम है।

7–भेड़ तथा ऊन विकास

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय माँग धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	14.66
भेड. तथा ऊन विकास	25.00	0.00	25.00	
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान
	2017–18			2018–19
भेड. तथा ऊन विकास	14.66			134.66

परिचयात्मक :–

1– प्रदेश में भेड़ एवं ऊन विकास का मूल उद्देश्य कार्पेट योग्य मीडियम कोर्स ऊन के उत्पादन में वृद्धि करना।

2– भेड़ पालको के आर्थिक स्तर को उन्नतशील बनाना व कार्पेट निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा का अर्जन।

3– ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।

भेड़ विकास कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ

मद विवरण	2016–17		2017–18		2018–19
	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	अनुमानित लक्ष्य
1.भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रों की सं0–2					
उपलब्ध नर मेड.I–1243					
उपलब्ध मादा भेडे–1302					
क. उत्पन्न. संतति	1150	296	1150	25	1150
ख. प्रजनन हेतु वितरित नर/मादा बच्चे	570	34	570	33	570
2. भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्र–180					
मेढ़ा केन्द्र–5					
प्रजनन हेतु वितरित मेढो की संख्या –1744					
क. गर्भित भेड़ों की संख्या	330000	335921	330000	114498	330000
ख उत्पन्न संतति	230000	222479	230000	44004	230000
ग. दवापान	400000	800446	400000	160920	400000
घ. चिकित्सा	260000	74564	260000	19253	260000

भेड विकास कार्यक्रम की कार्य योजना वर्ष 2017–18

क्र0 सं0	मद विवरण	वार्षिक लक्ष्य 2017–18	प्रथम त्रैमास	द्वितीय त्रैमास	तृतीय त्रैमास	चतुर्थ त्रैमास
1.	भेड प्रजनन प्रक्षेत्र					
क	गर्भित भेड़ों की सं0	1080	270	270	270	270
ख	उत्पन्न संतति सं0	1150	287	287	288	288
ग	प्रजनन हेतु वितरित बच्चे	570	143	1436	142	142
क्र0 सं0	**मद विवरण**	**वार्षिक लक्ष्य 2018–19**	**प्रथम त्रैमास**	**द्वितीय त्रैमास**	**तृतीय त्रैमास**	**चतुर्थ त्रैमास**
1.	**भेड़ एवं ऊन प्रसार/मेढ़ा केन्द्र**					

क	गर्भित भेंड़ों की सं0	330000	82500	82500	82500	82500
ख	उत्पन्न संतति की सं0	230000	57500	57500	57500	57500
ग	दवापान	400000	100000	100000	100000	100000
घ	चिकित्सा	260000	65000	65000	65000	65000

8–सूकर विकास एवं बकरी विकास

सूकर विकास

परिचयात्मक :–

1– मानव खाद्य योग्य पदार्थो का आहार व मानव उपयोग हेतु पशुजन्य प्रोटीन युक्त उत्तम सामिष आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूकर पालन व्यवसाय को प्रोत्साहित किया जाना तथा उन्नत प्रजनन सुविधायें उपलब्ध कराकर देशी प्रजाति में संकर प्रजनन कराकर मांस उत्पादन व गुणवत्ता में वृद्धि करना।

2– ग्रामीण परिवेश में स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।

3– निर्बल एवं उपेक्षित वर्ग का आर्थिक उन्नयन करना।

सूकर विकास कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ

क्र0	मद विवरण	2016–17		2017–18		2018–19
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति (माह 25, मई 2016 तक)	अनुमानित लक्ष्य
1	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्रों की सं0–6, उपलब्ध पशु नर 67, मादा 205					
क	उत्पन्न संतति	1920	1140	1920	366	1920
ख	प्रजनन हेतु वितरित शूकर शावक	13650	1028	1350	304	1350
2	सूकर विकास खण्ड–34					
	नर सूकरयुक्त प0चि0 की सं0–415					
क	गर्भित सूकरियों की संख्या	22500	8726	11250	186	11250
ख	उत्पन्न संतति	82500	22707	41250	406	41250

सूकर विकास कार्यक्रम की कार्य योजना वर्ष 2018–19

क0	मद विवरण	वार्षिक लक्ष्य	प्र0 त्रैमास	द्वि0 त्रैमास	तृ0 त्रैमास	च0 त्रैमास
1	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र					
क	गर्भित सूकरियों की सं0	300	75	75	75	75
ख	उत्पन्न संतति	1920	480	480	480	480
ग	प्रजनन हेतु वितरित शूकर शावक	1350	327	327	328	328
2	सूकर विकास खण्ड–नर सूकरयुक्त पशुचिकित्सालय					
क	गर्भित सूकरियों की सं0	11250	2812	2812	2812	2814
ख	उत्पन्न संतति	41250	10312	10312	10312	10314

बकरी विकास

परिचयात्मक :–

1. समाज के निर्बल आय वर्ग के आर्थिक उन्नयन हेतु परम्परागत सह–उद्योग के रूप में विकसित किया जाना।
2. ग्रामीण परिवेश में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना ।
3. मानव उपयोग हेतु बकरी जन्य प्रदार्थो यथा मांस एव दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना।

बकरी विकास कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धियां

क0	कार्य विवरण	2016–17	2017–18	2018–19

		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	अनु0पूर्ति (माह मई 2016 तक)	अनुमानित लक्ष्य
1	बकरी प्रजनन प्रक्षेत्रों की सं0–6 उपलब्ध पशु नर–101, मादा–550					
क	उत्पन्न संतति	325	322	325	77	385
ख	प्रजनन कार्य हेतु वितरित बच्चे	170	71	170	24	170
2	नर बकरा युक्त प0चि0 की सं0–1141					
क	गर्भित बकरियों की सं0	170000	16770	170000	1550	170000
ख	उत्पन्न संतति	180000	17157	180000	2563	180000

बकरी विकास कार्यक्रम की कार्य योजना वर्ष 2018–19

क्र. सं.	मद विवरण	वाार्षिक लक्ष्य	प्र0 त्रैमास	द्वि0 त्रैमास	तृ0 त्रैमास	च0 त्रैमास
1	बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र					
क	गर्भित बकरीयों की संख्या	325	81	81	81	82
ख	उत्पन्न संतति	300	75	75	75	75
ग	प्रजनन कार्य हेतु वितरित बच्चे	170	42	42	43	43
2	नर बकरा युक्त पशु चिकिसालय					
क	गर्भित बकरियों की संख्या	170000	42500	42500	42500	42500
ख	उत्पन्न संतति	180000	45000	45000	45000	45000

9–अन्य पशुधन विकास

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय माँग

धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान
	2016–17			2017–18
	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	5547.34
अन्य पशुधन विकास	47.50	3593.98	3604.51	
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान
	2017–18			2018–19
अन्य पशुधन विकास	5547.34			5553.62

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रो का परिचयात्मक एवं उद्देश्य

उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग के अंतर्गत 10 राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र कार्यरत हैं जिनका मुख्य उद्देश्य निम्नवत् है–

1. भारतीय मूल के गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का संरक्षण एवं संवर्धन करना।
2. भारतीय मूल के उन्नतशील नस्ल के सांडों का उत्पादन करना तथा प्रदेश के पशुपालकों को प्रजनन हेतु सांडों का उपलब्ध कराना।
3. उन्नतशील प्रजाति के आधारीय तथा प्रमाणित चारा बीजों का उत्पादन करना तथा प्रदेश के पशुपालकों को उपलब्ध कराना।

11 राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों में से 9 प्रक्षेत्र. शासन द्वारा वाणिज्यिक एवं 1 प्रक्षेत्र अवाणिज्यिक घोषित हैं। प्रक्षेत्रों पर चल रहे कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है–

क0 सं0	**प्रक्षेत्र का नाम**	**वाणिज्यिक / अवाणिज्यिक**	**चलाये जा रहे कार्यक्रमों का विवरण**
1	आराजीलाइंस–वाराणसी	वाणिज्यिक	गंगातीरी गायों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चाराबीज का उत्पादन।
2	आटा–जालौन	अवाणिज्यिक	विभिन्न नस्लों के गो एवं महिषवंशीय नर बच्चों का सांड हेतु सम्बर्धन तथा चारा एवं चाराबीजों का उत्पादन।
3	बाबूगढ–गाजियाबाद	वाणिज्यिक	हरियाना गायों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
4	भरारी–झांसी	वाणिज्यिक	थारपारकर गायों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
5	चकगंजरिया स्थान निबलेट–बाराबंकी	वाणिज्यिक	मुर्रा भैसे एवं साहीवाल गायों का संरक्षण एवं संवर्धन ।
6	हस्तिनापुर–मेरठ	वाणिज्यिक	हरियाना गायों एवं मुर्रा भैसों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
7	मंझरा–खीरी	वाणिज्यिक	मुर्रा भैसों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
8	निबलेट–बाराबंकी	वाणिज्यिक	चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
9	कमियार–बाराबंकी	–	कमियार प्रक्षेत्र का संचालन निबलेट प्रक्षेत्र द्वारा किया जाता है । यह प्रक्षेत्र बाढ ग्रसित क्षेत्र है यहां पर जलभराव होने कारण केवल रवी फसलों के अंतर्गत रवी चारा बीज की फसलें ली जाती हैं यहां पर कोई भी पशु नही पाले जा रहे हैं। प्रक्षेत्र पर कोई भी आवासीय एवं अनावासीय भवन नहीं हैं।
10	नीलगांव–सीतापुर	वाणिज्यिक	हरियाना गायों एवं मुर्रा भैसों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।
11	सैदपुर–ललितपुर	वाणिज्यिक	हरियाना गायों का संरक्षण एवं संवर्धन तथा चारा एवं चारा बीजों का उत्पादन।

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक वर्ष 2017–18

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों का वर्षवार दुग्ध उत्पादन लक्ष्य एवं उपलब्धियों का विवरण

दुग्ध उत्पादन लीटर में

क0 सं0	प्रक्षेत्र का नाम	2016–17		वर्ष 2017–18	2017–18(माह दिसम्बर तक)	2018–19 अनुमानित	
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
1.	आराजीलाइंस–वाराणसी	80500	70799.5	91000	59465	9100	–
2.	आटा–जालौन	बुल रियरिंग केन्द्र है दुधारू पशु नही पाले जाते हैं।					
3.	बाबूगढ़–गाजियाबाद	145400	109423.50	200000	113450	200000	–
4.	भरारी–झांसी	142300	79334.5	151000	72987	151000	–
5.	चकगंजरिया स्थान निबलेट–बाराबंकी	303100	251721.0	368000	226710	368000	–
6.	हस्तिनापुर–मेरठ	100000	106024.0	128000	81369	128000	–
7.	मंझरा–खीरी	129600	96597.27	213000.0	110475.25	213000.0	–
8.	निबलेट–बाराबंकी	–	–	–	–	–	–
9.	नीलगांव–सीतापुर	65600	31348.5	84000	35213.85	84000	–
10.	सैदपुर–ललितपुर	250500	101801.00	274000	136511.0	274000	–
	योग	1217000	847049.2	1509000	836181.0	1509000.0	–

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक वर्ष –2017–2018

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों का वर्षवार सांड उत्पादन लक्ष्य एवं उपलब्धियों का विवरण

क्र0सं0	प्रक्षेत्र का नाम	2016–17		2017–18(दिसम्बर तक)		2018–19(अनुमानित)	
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
1.	आराजीलाइंस–वाराणसी	17	34	17	21	17	–
2.	आटा–जालौन						
3.	बाबूगढ़–हापुड़	32	56	32	35	32	–
4.	भरारी–झांसी	29	41	29	19	29	–
5.	चकगंजरिया–स्थान निबलेट–बाराबंकी	61	0	61	52	61	–
6.	हस्तिनापुर–मेरठ	21	44	21	24	21	–
7.	मंझरा–खीरी	26	13	26	33	26	–
8.	निबलेट–बाराबंकी	–	–	–		–	–
9.	नीलगांव–सीतापुर	13	56	13	15	13	–
10	सैदपुर–ललितपुर	54	65	54	48	54	–

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों का वर्षवार फसलों की बुवाई एवं उत्पादन का लक्ष्य एवं उपलब्धियों का विवरण
कार्यपूर्ति दिग्दर्शक 2017–2018

क्र0 सं0	फसल का नाम	वर्ष 2016–2017		वर्ष 2017–18	2017–18(दिसम्बर तक)	2018–19 (अनुमानित)	
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
1–	**क्षेत्र आच्छादन का विवरण है0 में**						–
	जायद/खरीफ चारा	525.00	525.08	555.00	563.48	555.00	–
	रवी चारा	365.00	365.00	383.00	383.00	383.00	–
	खरीफ चारा बीज	880.00	896.66	745.00	748.92	745.00	–
	रवी चारा बीज	958.00	965.13	996.60	996.10	996.60	
	योग	**2728.00**	**2751.87**	**2679.60**	**2691.50**	**2679.60**	**–**
2–	**उत्पादन का विवरण (टन में)**						–
	क–हरा चारा						
	1–जायद/खरीफ चारा	17600.00	12664.23	17950.00	14475.18	17950.00	–
	2–रवी चारा	14125.00	12140.31	15150.00	1468.60	15150.00	
	योग	**31725.00**	**24804.55**	**33100.00**	**15943.78**	**33100.00**	**–**
	ख–सूखा चारा						
	1–खरीफ सूखा चारा	2100.00	804.24	2238.00	796.00	2238.00	–
	2–रवी सूखा चारा	3592.00	1960.85	3716.40	–	3716.40	–
	योग	**5692.00**	**2765.09**	**59544.00**	**796.00**	**59544.00**	**–**
	बीज						
	1–खरीफ बीज	468.00	201.62	449.16	132.62	449.16	–
	2–रवी बीज	1420.80	1058.85	1450.60	–	1450.60	–
	योग	**1988.80**	**1260.47**	**1899.76**	**132.62**	**1899.76**	**–**

चारा तथा चरागाह विकासः–
वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण वित्तीय मांगः–

क0 सं0	लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
		2016–17			2017–18		
1.	अपौष्टिक चारे एवं सेल्यूलोजिक वेस्टेज को उपचारित कर पौष्टिक बनाने की योजना (रा0यो0)	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
		232.00	–	232.00	–	—	—
2.	अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (रा0यो0)	200.00	–	200.00	200.00	—	200.00
	लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान		
		2017–18			2018–19		
		आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग	आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
1	अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (रा0यो0)	200.00	–	200.00	200.00		200.00
2	अपौष्टिक चारे एवं सेल्यूलोजिक वेस्टेज को उपचारित कर पौष्टिक बनाने की योजना (रा0यो0) **अनुदान–15**	–	–	–	170.00		170.00
3	**हस्तचाकित/शक्तिचाकित कुट्टी**	–	–	–	25.20		25.20
4	राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना (60प्रति0/40प्रति0) **अनुदान–15(पूंजीगत मद)**	–	–	–	71.41		71.41
5	राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना (60प्रति0/40प्रति0) **अनुदान–15(राजस्व मद)**	–	–	–	54.04		54.04

1– परिचयात्मक उद्देश्यः–

पशुओं के संतुलित आहार में चारे का महत्वपूर्ण स्थान है। चारे के अभाव में पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता अत्यन्त प्रभावी ढ़ग से कम होकर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त पशुओं को पौष्टिक चारा मानक के अनुरूप उपलब्ध न होने के दशा में उनके शारीरिक गुणों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पौष्टिक चारें के अभाव में पशुओं के प्रथम व्यात की आयु में बढ़ोत्तरी, दो व्यातों में मध्यान्तर अधिक होना, बांझपन, अंधापन तथा अन्य बीमारियों तथा प्रतिरोधक क्षमता में कमी की सम्भावना बनी रहती है।

पशुओं के स्वास्थ्य एवं उनकी उत्पादकता तथा प्रतिरोधक बनाए रखने के लिए भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा पशुपालन विभाग के माध्यम से कृषकों उन्नतिशील प्रमाणित चारा बीज उपलब्ध कराना तथा अपौष्टिक चारें एवं सेल्यूलोजिक वेस्टेज को उपचारित कर पौष्टिक बनाने की योजना एवं कुट्टी काटकर चारा आपूर्ति सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 में पशुओं के आहार पूर्ति हेतु विभाग द्वारा निम्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में चारा विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

(अ) राज्य योजनाएंः–

1– चारा एवं चरागाह विकास की योजनान्तर्गत **''अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम''** (रा0यो0)।

2– **''अपौष्टिक चारें एवं सेल्यूलोजिक वेस्टेज को उपचारित कर पौष्टिक बनाने की योजना''** (रा0 यो0)।

3– वर्ष 2018–19 हेतु नई योजना **''साइलेज निर्माण इकाई की स्थापना''** (रा0यो0)

(ब) केन्द्र पोषित योजनाएंः–

1– पूँजीगत मद के अन्तर्गत **''राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना''**(60प्रति0/40प्रति0)।

2– राजस्व मद के अन्तर्गत **''राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना''**(60प्रति0/40प्रति0)।

(अ) राज्य योजनाएंः–

1– अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (रा0यो0):–

वर्ष 2018–19 में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 7500 हे0 भूमि पर चारा उत्पादन हेतु निःशुल्क उन्नतिशील प्रजातियों के चारा बीज उपलब्ध कराने हेतु धनराशि की मांग की गई है। योजनान्तर्गत लघु/सीमान्त पशुपालकों का चयन कर 0.1 हे0 प्रति इकाई क्षेत्रफल हेतु (रू0 800/–प्रति इकाई की दर से) जई/बरसीम/ज्वार/लोबिया आदि चारा बीज भारत सरकार/राज्य सरकार की संस्थाओं से क्रय कर निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

योजना का उद्देश्यः–

1. प्रदेश में हरे चारे की कमी को दूर करने हेतु सहयोग करना।
2. पशुपालकों को दुग्ध व्यवसाय अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना।
3. पशुओं को पर्याप्त मात्रा में हरा एवं पौष्टिक चारा उपलब्ध करवाना।
4. पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना।
5. पशुओं की मृत्यु दर में कमी लाना।
6. हरे चारे के उत्पादन में वृद्धि कर दुग्ध उत्पादन लागत में कमी लाना।

2– अपौष्टिक चारें एवं सेल्यूलोजिक वेस्टेज को उपचारित कर पौष्टिक बनाने की योजना (रा0 यो0):–

प्रश्नगत योजना पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में वित्तीय वर्ष 2015–16 में प्रदेश के 59573 ग्राम पंचायतों में से 41250 ग्राम पंचायतों में संचालित कीगयी। वर्ष 2015–16 में अवशेष रह गयी 17823 ग्राम पंचायतों में से वित्तीय वर्ष 2016–17 में उपलब्ध बजट से 7256 ग्राम पंचायतों में योजना संचालित की गयी। वर्ष 2016–17 की अवशेष 10567 ग्राम पंचायतों में योजना संचालित किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु धनराशि की मांग की गई है। गत वर्षो की भॉति प्रत्येक ग्राम पंचायत से 01 पशुपालक का चयन कर भूसे को यूरिया से उपचारित किये जाने हेतु सामग्री का निःशुल्क वितरण कर प्रदर्शन कराया जायेगा।

योजना का उद्देश्यः–

पशुओं के स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन के लिए हरा चारा व पशु आहार एक आदर्श भोजन है, किन्तु हरे चारें का वर्षभर उपलब्ध न होना तथा पशु आहार का मूल्य अधिक होना, पशुपालकों के लिए एक समस्या है, सामान्यतः धान व गेहूँ का भूसा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहता है, लेकिन भूसे में पौष्टिक तत्व बहुत कम होते है। (प्रोटीन 04 प्रतिशत से भी कम) भूसे का यूरिया से उपचार करने से पौष्टिकता बढ़ती है, और प्रोटीन की मात्रा उपचारित भूसे में लगभग 09 प्रतिशत हो जाती है। इसके नियमित प्रयोग से पशु आहार की मात्रा में 30 प्रतिशत तक की कमी की जा सकती है। अतः प्रश्नगत योजना का संचालन प्रदर्शन के रूप में करके पशुपालकों में लोकप्रिय बनाने एवं अपनाकर पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हेतु चलाया जाना।

3– साइलेज निर्माण इकाई की स्थापना (रा0यो0)

वर्ष 2018–19 में प्रदेश के 822 विकास खण्डों में से प्रत्येक विकास खण्ड में 10–10 लघु/सीमान्त पशुपालक जो कम से कम 02 पशु पालतें हो, का चयन किया जायेगा तथा उन्हें साईलेज इकाई निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते हुए तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे साईलेज बनाने की इस विधि को ग्राम के अन्य पशुपालक देखकर अपने यहॉ भी अपनायेंगे। उक्त कार्य हेतु प्रति इकाई हेतु रू0 1600/–की दर से धनराशि की मांग की गई है।

(ब) केन्द्र पोषित योजनाएंः–

1– राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना (60प्रति0/40प्रति0)

इस योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 में प्रदेश के राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/राजकीय गोसदनों/जिला गोसदनों की बेकार अथवा परती भूमि पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाईडलाइन के अनुसार **पूँजीगत मद** अन्तर्गत निर्धारित कार्यो जैसे भूमि का विकास, चिन्हांकन, फेन्सिंग, सिंचाई सुविधाओं का विकास, शेड का निर्माण एवंकृषि यंत्रों के क्रय पर व्यय सुनिश्चित करते हुए चारागाह विकास कार्य कराया जायेगा जिस हेतु धनराशि की मांग की गई है।

2– राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/गोसदनों की परती भूमि पर चरागाह विकास की योजना (60प्रति0/40प्रति0)

इस योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 में प्रदेश के राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/राजकीय गोसदनों/जिला गोसदनों की बेकार अथवा परती भूमि पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाईडलाइन के अनुसार **राजस्व मद** अन्तर्गत निर्धारित कार्यो जैसे बीज/खाद एवं उर्वरक/ कीटनाशी के क्रय पर व्यय, अन्य कृषि कार्यो पर व्यय, सिंचाई पर व्यय, भण्डार/डेड स्टाक के मरम्मत पर व्यय करते हुए चारागाह विकास कार्य कराया जायेगा जिस हेतु धनराशि की मांग की गई है।

योजना का उद्देश्यः–

प्रश्नगत योजना अन्तर्गत राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों/राजकीय गोसदनों/जिला गोसदनों की बेकार अथवा परती भूमि जो अनुपयोगी पड़ी हुयी है, को समतलीकरण कर सिंचाई सुविधाओं इत्यादि से व्यवस्थित करके उन्नतशील चरागाहों का विकास किया जाना है। प्रश्नगत चरागाह विकसित हो जाने के पश्चात् वर्षभर हरा चारा उत्पादित होगा, जिसे चराई तथा कटाई कर पशुओं को खिलाया जा सकेगा, इससे पशुओं को वर्षभर पौष्टिक हरा चारा मिलने से उनके स्वास्थ्य तथा उत्पादकता में वृद्धि होगी।

(ब) केन्द्र पोषित योजनाएंः–

1– परती (वेस्ट लैण्ड)/गोचर भूमि पर चरागाह विकास की योजना (100प्रतिशत के0पो0):–

इस योजनान्तर्गत ग्राम समाज की परती भूमि गो सदनो/गोशालाओं की भूमि तथा विभाग के प्रक्षेत्रों की भूमि को समतलीकरण कर उन्नतशील चारेगाहों का विकास किया जाता है। यह योजना भारत सरकार से एक भाग में संचालित की जाती है, परन्तु प्रदेश सरकार से इसके संचालन में दो भागों में आवंटित कर प्रथम भाग राजस्व मद तथा द्वितीय भाग पूजींगत मद है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2016–17 में राजस्व मद में कार्य किया जाना है पूर्व वित्तीय वर्षो में पूंजीमद का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, राजस्व मद में रू0 28,00,000.00 का कार्य किया जाना अवशेष है।

योजना का उद्देश्यः–

प्रश्नगत योजना अन्तर्गत ग्राम समाज की परती भूमि जो चरागाहों हेतु आरक्षित है, परन्तु अनुपयोगी पड़ी हुयी है तथा गो सदनों/गोशालाओं तथा विभाग के राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों की भूमि जो अनुपयोगी पड़ी हुयी है को समतलीकरण कर सिंचाई सुविधाओं इत्यादि से व्यवस्थित करके उन्नतशील चरागाहों का विकास किया जाता है, इसके अन्तर्गत ग्राम समाज की भूमि की एक यूनिट (10 हे0 भूमि) की रू0 10.00 लाख तथा गो सदनों/गोशालाओं तथा विभागीय प्रक्षेत्रों को एक यूनिट (10 हे0 भूमि) की रू0 6.50 लाख में विकसित किये जाने की योजना है। प्रश्नगत चारागाह विकसित हो जाने के पश्चात् वर्षभर हरा चारा उत्पादित होता है, जिसे चराई तथा कटाई कर पशुओं को खिलाया जाता है, इससे पशुओं को वर्ष भर पौष्टिक हरा चारा मिलने से उनके स्वास्थ्य तथा उपादकता में वृद्धि होगी ।

2– हस्तचालित कुट्टी काटने की मशीन का वितरण की योजना (75 प्रतिशत के0पो0 25 प्रतिशत लाभार्थी अंश (नेशनल लाइव स्टाक मिशन अन्तर्गत):–

इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के पशुपालकों अनुपयोगी सूखे चारें के उपयोगी बनाने के लिए 60 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान एवं 40 प्रतिशत लाभार्थी अंश पर हस्तचालित कुट्टी काटने के मशीन का वितरण किया जाना है, जिससे सूखे चारें के गैप को कम किया जा सके, तथा चारें की लागत में भी कमी की जा सके तथा प्रदेश में अनुपयोगी सूखे चारें को उपयोग में लाया जा सके तथा सूखे चारें से उत्पन्न गैप को भी कम किया जा सके। इसमें अतिरिक्त पशुपालकों को चारें की लागत में कमी भी लायी जा सके। प्रश्नगत योजना से जब सूखे चारे का गैप कम हो तो प्रदेश के पशुओं को सम्पूर्ण रूप से खिलाई करके पालन पोषण में उत्पन्न हो रही कठिनाई से पशुपालकों को बचाया जा सकेगा।

योजना का उद्देश्यः–

प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत प्रदेश के पशुपालकों को अनुपयोगी चारें को उपयोग कर लिये जाने के उद्देश्य से हस्तचालित कुट्टी मशीन का वितरण कर सूखे चारें की लागत में कमी लाने तथा सूखे चारे के गैप को समाप्त किया जा सकें। इसके अन्तर्गत भारत सरकार से धनराशि उपलब्ध है परन्तु वित्तीय स्वीकृति उ0प्र0 शासन से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होते ही योजना का उद्देश्य पूर्ण रूप से कर लिया जायेगा।

3– शक्तिचालित कुट्टी काटने की मशीन के वितरण की योजना (50 प्रतिशत के0पो0 50 प्रतिशत लाभार्थी अंश):–

इस योजना अन्तर्गत, प्रदेश के पशुपालकों 60 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान तथा 40 प्रतिशत लाभार्थी अंश के माध्यम से शक्ति चालित कृट्टी काटने की मशीन का वितरण किया जायेगा। इसके वितरण से सूखा चारा जो अनुपयोगी हो जाता है उसे कुट्टी काटकर उपयोगी बनाकर पशुओं को खिलाया जा सकेगा।

योजना का उद्देश्यः–

प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत प्रदेश में पशुपालकों को शक्ति चालित कुट्टी काटने की मशीन का वितरण कर अनुपयोगी चारें को महीन कुट्टी बनाकर उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया जाना है। जिससे अनुपयोगी सूखे चारें का उपयोग हो सके।

11–प्रसार तथा प्रशिक्षण

पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय मॉग धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय	आय–व्ययक अनुमान
	2016–17	2017–18
प्रसार तथा प्रशिक्षण		
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
प्रसार तथा प्रशिक्षण		

परिचयात्मक/उद्देश्यः–

प्रदेश में संचालित विभिन्न पशुपालन के कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार अति आवश्यक है इसका मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को नवीनतम तकनीकी को ग्राह्य करवाना तथा जन सामान्य को पशुधन प्रदार्थों की उपलब्धता बढ़ाना है। इसके साथ ही प्राचीन रूढ़ियों को समाप्त कर पशुपालन के विभिन्न आयामों को लाभप्रद दिशा प्रदान करना है।

उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्न कार्यक्रम निर्धारित है :–

1. अखिल भारतीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी तथा अन्य पशुधन प्रर्दशनियों में भाग लेना।
2. मण्डल/जनपद स्तर की पशुधन प्रदर्शनियों, कॉफरैली, पशुपालन गोष्ठियों का आयोजन।
3. प्रचार–प्रसार, साहित्य का प्रकाशन, प्रेक्ष्य निर्माण एवं प्रदर्शन आदि।
4. गोष्ठी, पशुपालक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।

कार्यक्रम	वर्ष 2015–16		वर्ष 2016–17		वर्ष 2017–18		वर्ष 2018–19	
	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
1–पशु प्रदर्शनियाँ एवं कॉफरैलियाँ	75	–	75	–	75			
2–पशुपालक गोष्ठियाँ	75	–	75	–	75			
3–पशुपालक प्रशिक्षण	–	–	–	––	–			
4–मण्डप निर्माण (राज्य स्तरीय)	2	–	2	–	2			
5 –साहित्य प्रकाशन	15	–	15	–	15			

12–प्रशासनिक अन्वेषण तथा साँख्यिकी

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय मॉग

धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय	आय–व्ययक अनुमान
	2016–17	2017–18
प्रशासनिक अन्वेषण तथा सॉख्यिकी	275.16	286.86
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2017–18	2018–19
प्रशासनिक अन्वेषण तथा सॉख्यिकी	476.28	3423.83

परिचयात्मक / उद्देश्यः–

1– पशुधन विकास कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन एवं अनुश्रवण तथा भारत सरकार के निर्देशानुसार पशुगणना कराना एवं आंकड़ों का विश्लेषण कर उपयोगी बनाना एवं रख–रखाव करना।

2– राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों की गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं के प्रजनन आंकड़ों का विश्लेषण करना तथा राज्य में कृत्रिम एवं प्राकृतिक गर्भाधान हेतु रखे गये सांड़ों के अभिलेख का रख–रखाव करना।

3– विभागीय योजनाओं से संम्बन्धित आकड़ों के त्वरित विश्लेषण हेतु कम्प्यूटर सेल की स्थापना।

4– वार्षिक सर्वेक्षण की जनपदवार योजना (भारत सरकार की 50 प्रतिशत आयोजनागत योजना) के अन्तर्गत पशुजन्य पदार्थों यथा–दूध, अण्डा, ऊन एवं माँस उत्पादन के अनुमानों को तैयार कर प्रकाशित कराना तथा पशुधन की प्रबन्ध प्रणालियों का अध्ययन करना।

पद्धतिः–

1– जनपदों से प्राप्त विभागीय आधारभूत आकड़े एवं विकास कार्यक्रमों की प्रगति के आकड़ों का जनपदवार / मण्डलवार / राज्य स्तरीय गणना करना तथा पशुगणना के आकड़ो का रख–रखाव किया जाता है ।

2– राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों पर विद्यमान गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं के जातिवार प्रजनन आंकड़ों को एकत्र कर विभिन्न आर्थिक गुणकों की गणना कर उनका विश्लेषण किया जाता है।

वार्षिक सर्वेक्षण योजना भारत सरकार की 50 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना है, जिसमें जनपदवार पशु जन्य पदार्थो के उत्पादन (यथा दुग्ध, अण्डा, ऊन एवं मांस) के अनुमानों को अनुमानित करना होता है। इनके त्वरित विश्लेषण हेतु तीसरी योजना का विकास किया गया था, परन्तु प्रोग्रामर की पदस्थापना न होने के कारण त्वरित अनुमान नहीं निकाले जा सके, बल्कि नियुक्त क्षेत्र स्टाफ से मैनुअली अनुमान निकाले जाते हैं, जिनका क्षेत्र से नियमित अनुश्रवण एवं विश्लेषण करने के कारण काफी समय लग जाता है। इस योजना में प्रत्येक ऋतु में पशुधन संख्या के अनुमानों हेतु 15 प्रतिशत ग्रामों का चयन किया जाता है तथा पशुजन्य पदार्थो के उत्पादन के जनपदवार अनुमानों की गणना तथा पशुओं की प्रबंध प्रणालियों के अध्ययन हेतु 5 / 10 ग्रामों का रेण्डम विधि से चयन कर क्षेत्रीय कार्य प्रदेश के जनपदों में पदस्थ सांख्यकीय कर्मचारियों द्वारा कराया जाता है तथा प्रदेश स्तर का आंकड़ो का विश्लेषण कर अनुमान तैयार कर प्रकाशित कराये जाते हैं

वर्ष 2015–16 में किये जा रहे कार्य :–

1– विभागीय भौतिक लक्ष्य वर्ष 2016–17 का जनपद / मण्डल / राज्य स्तरीय निर्धारण कर शासन एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। आधार–भूत आकड़ो का संकलन किया गया। चार चिन्हित कार्यक्रमों टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, चिकित्सा एवं बधियाकरण का अनुश्रवण किया गया।

2– नस्लवार गणना के आकड.ो की कुछ जनपदों से पुष्टि कराकर भारत सरकार को भेजा गया, 20वीं पशुगणना की प्रारम्भिक तैयारी के क्रम में अनुसूचियों और अनुदेश पुस्तिका को तैयार किया गया।

3– वार्षिक सर्वेक्षण योजनान्तर्गत जनपदों का क्षेत्रीय कार्य सम्पन्न कराना तथा अनुमानों को अन्तिम रुप देकर भारत सरकार / राज्य सरकार को उपलब्ध कराना तथा सर्वेक्षण प्रतिवेदन 2013–14 का प्रकाशन कराना।

4— राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों के वर्ष 2014—15 का प्रतिवेदन तैयार करना तथा 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार कार्यरत सांडो के विवरण को अंकित करना।

वर्ष 2016—17 में किये जाने वाले कार्य :—

1— आधारभूत आकडों का संकलन एवं भौतिक लक्ष्य का जनपद/मण्डल/राज्य स्तरीय निर्धारण कर शासन एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय प्रगति पुस्तिका वर्ष 2017 का प्रकाशन कराया जाना है। चार चिन्हित कार्यक्रमों टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, चिकित्सा एवं बधियाकरण का अनुश्रवण किया जा रहा है।

2— 20वीं पशुगणना 2017 हेतु भारत सरकार से प्राप्त संशोधित अनुसूचियों एवं अनुदेश पुस्तिका को अग्रेजी से क्षेत्रिय भाषा (हिन्दी) में अनुवाद कर तैयार किया जा रहा है। क्षेत्रीय गणना हेतु गणनाकारों एवं सुपरवाइजरों को ग्रामों का आवंटन किया जा रहा है।

3— वार्षिक सर्वेक्षण योजनान्तर्गत जनपदों का क्षेत्रीय कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा दूध, अण्डा, ऊन एवं मांस उत्पादन अनुमानों को अंतिम रुप देकर भारत सरकार/राज्य सरकार को उपलब्ध कराना तथा सर्वेक्षण प्रतिवेदन 2014—15 का प्रकाशन कराना।

4— राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों के वर्ष 2015—16 का प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा, तथा 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार कार्यरत सांड़ों के विवरण की पुस्तिका तैयार की जायेगी।

वर्ष 2017—18 में किये जाने वाले कार्य :—

1— विभागीय प्रगति पुस्तिका को प्रकाशन तथा आधारभूत आकड़ों का संकलन एवं भौतिक लक्ष्य का जनपद/मण्डल/राज्य स्तरीय निर्धारण कर शासन एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया जायेगा। चार चिन्हित कार्यक्रमों टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, चिकित्सा एवं बधियाकरण का अनुश्रवण किया जायेगा।

2— 20वीं पशुगणना 2017 हेतु अनुसूचियों एवं अनुदेश पुस्तिका को जनपदों को वितरण करवाना एवं वास्तविक क्षेत्रीय गणना कराकर डाटा इन्ट्री कर सेन्टरों को उपलब्ध कराना।

3— वार्षिक सर्वेक्षण योजनान्तर्गत जनपदों का क्षेत्रीय कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा अनुमानों को अंतिम रुप देकर भारत सरकार/राज्य सरकार को उपलब्ध कराना तथा सर्वेक्षण प्रतिवेदन 2015—16 का प्रकाशन कराना।

4— राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों के वर्ष 2016—17 का प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा, तथा 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार कार्यरत सांड़ों के विवरण की पुस्तिका तैयार की जायेगी।

13—अन्य व्यय

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय माँग (धनराशि लाख रू0 में)

